आवेदन फॉर्म में भी किया गया है संशोधन

# रांची नगर निगम ने भवन का नक्शा पास करने की शुरू की नयी प्रक्रिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम की ओर से नक्शा पास करने की नयी प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। इस संबंध में सोमवार को भवन प्लान से संबंधित नये साफ्टवेयर और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर नगर निवेशक अरुण कुमार की अध्यक्षता में निगम सभागार में बैठक हुई। निवेशक ने प्रस्तुतिकरण के जरिये बताया कि नक्शा पास करने को सॉफ्टवेयर का ट्रायल शुरू हो चुका है। अब नक्शा पास करने की प्रक्रिया को सुचारू रुप से निष्पादित करने को नया वर्क फ्लो तैयार किया गया है। साथ ही आवेदन प्रपत्र में भी संशोधन किया गया है। अब पांच चरणों में नक्शा पास होगा।

**ऐसे पास होगा नक्शा :** सर्वप्रथम सॉफ्टवेयर में लाइसेंस टेक्निकल पर्सन (आर्किटेक्ट, ड्राफ्टमैन आदि) द्वारा स्वीकृत नक्शा वेबसाइट पर अपलोड करने के बाद सत्यापन कर लिया जाएगा। स्क्रूटनी के बाद अगले चरण में लीगल ऑफिसर के पास, फिर साइट विजिट कर अपनी रिपोर्ट तैयार करेंगे। कागजात दुरुस्त रहने पर यदि भवन प्लान का नक्शा स्वीकृति के अनुरूप रहा तो उसे अगले चरण में प्रेषित किया जाएगा। अगले चरण में टाउन प्लानर द्वारा दो मंजिली भवन तक के नक्शे की स्वीकृत दी जाएगी। बहुमंजिली भवन को नगर निगम के प्रशासक द्वारा स्वीकृति दी जायेगी।

नगर निवेशक ने कहा कि भविष्य में नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशानियों का सामना न करना पड़े इसके लिए हर संभव समाधान किया जायेगा। मौके पर निगम के कनीय अभियंता आर्किटेक्ट, सिविल इंजिनियर एवं निगम के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

जमीन घोटाला और धनशोधन मामले में इडी ने की कार्रवाई

# विष्णु अग्रवाल भी गये जेल

## रांची में 150 एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री में हुआ है फर्जीवाड़ा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की फर्जी तरीके से खरीद-बिक्री मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच के दौरान इडी ने रांची के अलग-अलग इलाकों के करीब 150 एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री में हुए फर्जीवाड़े का उजागर किया। इसी क्रम में इडी चेशायर होम रोड की एक एकड़ की जमीन के अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में जमीन के खरीदार विष्णु अग्रवाल से पूछताछ शुरू की थी।

**छापेमारी के बाद फर्जीवाड़ा पकड़ाया :** इडी ने गत 13 अप्रैल को रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, बरियातू स्थित सेना के उपयोग वाली जमीन के खरीदार जगतबंधु टी-इस्टेट के संचालक दिलीप घोष, भरत प्रसाद और राजेश राय सहित अन्य आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी में भरत प्रसाद और राजेश राय के ठिकाने से संदिग्ध दस्तावेज मिले थे, जिसकी जांच के बाद इडी ने फर्जीवाड़ा पकड़ा था।



### परिवार में किसके पास कितनी संपत्ति

इडी ने पहले उनसे और उनके पारिवार के दूसरे सदस्यों के संपत्ति के संबंध में जानकारी मांगी थी। पूछताछ के दौरान विष्णु अग्रवाल ने खुद को बेकसूर बताया। जब इडी ने पूछा कि जमीन की कीमत आपको इतनी कम कैसे मिली तो विष्णु अग्रवाल ने इस सवाल पर चुप्पी साध ली। विष्णु अग्रवाल से रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन और उनके संबंधों पर भी सवाल किया गया। इडी ने जालसाजी कर रांची के चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन खरीद-बिक्री मामले में कारोबारी विष्णु अग्रवाल से पहले भी पूछताछ की थी।

### मोबाइल से मिले थे पूर्व उपायुक्त छविरंजन के गोवा ट्रिप के सबूत

इडी ने चार नवंबर 2022 को दस्तावेज में जालसाजी कर जमीन की खरीद बिक्री करने के मामले में कारोबारी विष्णु अग्रवाल सहित अन्य के ठिकानों पर छापा मारा था। इस दौरान इडी ने कई अहम सबूत जब्त किए थे। जब्त किये गये मोबाइल से इडी को यह सुराग मिला था कि विष्णु अग्रवाल ने छवि रंजन को गोवा की ट्रिप कराई थी। यात्रा की व्यवस्था एक ट्रैवल एजेंट के माध्यम से की गयी थी। ट्रेवल एजेंट को नकद भुगतान किया गया था। जांच में पाया गया कि इसके बदले छवि रंजन ने नामकुम अंचल के पुगडू मौजा में जमीन खरीद के मामले में विष्णु अग्रवाल की मदद की थी।

खबर एक नजर में

### पुंदाग रोड में बहुमंजिली इमारत में लगी आग

**रांची।** राजधानी के अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित पुंदाग रोड में सोमवार को एक बहुमंजिली इमारत में आग लग गयी। घटना को लेकर आसपास के लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल की 4 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। अपार्टमेंट में आग लगने का मुख्य कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। जिस बहुमंजिला इमारत में आग लगी उस अपार्टमेंट में शहर के कई बड़े नेता और अधिकारी का निवास है।

### रिम्स में इलाज के दौरान कैदी की मौत

**रांची।** आजीवन कारावास की सजा काट रहे 45 साल के कैदी कारू हेंब्रम की इलाज के दौरान रिम्स में सोमवार को मौत हो गयी। वह देवघर जिले के मधुपुर थाना क्षेत्र के सरपत्ता का रहने वाला था। बंदी को केंद्रीय कारा दुमका में तबीयत खराब होने के बाद बेहतर इलाज के लिए 20 जुलाई को रिम्स रेफर किया गया था। शव का पोस्टमार्टम मजिस्ट्रेट की निगरानी में किया जाएगा।

### ऑटो चालक यूनियन का धरना आज

**रांची।** जिला ऑटो चालक अपनी मांगों को लेकर आज राजभवन के समक्ष धरना देगा। यूनियन के महासचिव सुनिल सिंह ने कहा कि उनकी पांच सूत्री मांगें हैं- यातायात क्यूआरटी के द्वारा एकतरफा कार्रवाई को शीघ्र बंद किया जाए। सभी मार्गों पर यात्री स्टॉपेज चिन्हित किया जाए। नागा बाबा खटाल की खाली जमीन को ऑटो पार्किंग के लिए दिया जाए। ब्लू ऑटो को परमिट दिया जाए। नगर निगम के द्वारा ग्लोबल टेंडर की व्यवस्था की जाए। इन सभी मांगों को लेकर राजभवन के पास धरना दिया जाएगा।

### अवैध शराब बेचने के दोषियों को मिली सजा

**रांची।** एसीजेएम कृष्ण कान्त मिश्रा की अदालत ने अवैध तरीके से देसी शराब और स्प्रिट का कारोबार करने के जुर्म में दो अलग-अलग मुकदमों की सुनवाई करते हुये अभियुक्त अरुण साहू को चार साल एवं राजन कुमार को तीन साल कैद की सजा सुनाई। अदालत 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**रांची।** सोमवार को चौथी सोमवारी के अवसर पर पहाड़ी मंदिर परिसर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दवा का नि:शुल्क वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में बीकेपी जायसवाल, डॉ आरके जायसवाल, अंजलि कुमारी, पुष्पा देवी, फूलमणि मुंडू, प्रकाश कुमार, फर्जाना सिदिदकी, राज वर्मा, रानी कुमारी और शंकर की भूमिका सराहनीय रही।

### चाचा की हत्या मामले में दोषी को उम्रकैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एसएम शहजाद की अदालत ने सोमवार को चाचा की हत्या मामले में दोषी भतीजा लहसन मुंडा को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अदालत ने हत्या के आरोप में उसे 27 जुलाई को दोषी ठहराया था। चान्हो के सखुवाटांड गांव निवासी लहसन मुंडा ने आंगन में गड़ा महावीर झंडा को उखाड़ने के प्रतिशोध में अपने चाचा सुकरा मुंडा की हत्या छह मार्च 2016 को कर दी थी।

### गर्लफ्रेंड की हत्या करने के दोषी को उम्रकैद

**रांची।** चिल्ड्रेन कोर्ट के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने सोमवार को गर्लफ्रेंड की हत्या कर लाश छुपाने के मामले दोषी अभियुक्त अनमोल कुमार वर्मा उर्फ सन्नी वर्मा उर्फ काट्टी को उम्र कैद की सजा सुनाई है। अभियुक्त पर ₹15 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माने नहीं देने पर अभियुक्त को अतिरिक्त नौ महीने जेल काटनी होगी। अदालत ने आरोप में उसे 27 जुलाई को दोषी ठहराया था। वह रातू रोड स्थित मोती स्ट्रीट धोबी मोहल्ला का है।

सिटी की अन्य खबरें पेज 9 पर...

# सीएम के सचिव विनय चौबे ने विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की तैयारी का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 की तैयारियां जारी है। यह कार्यक्रम रांची के जेल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह संग्रहालय में होगा। सोमवार को मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे ने कार्यक्रम स्थल में चल रही तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे ने संबंधित अधिकारी एवं इवेंट मैनेजमेंट टीम को बेहतर तैयारी को लेकर दिशा-निर्देश दिया। कार्यक्रम स्थल में इंट्री-एग्जिट, मुख्य कार्यक्रम स्थल, ब्रांडिंग, प्रदर्शनी, फूड कोर्ट, पार्किंग, वीआईपी लाउंज, लाइट एंड साउंड शो, फिल्म फेस्टिवल, सेमिनार आदि के लिए चयिनत स्थलों का जायजा लेते हुए उन्होंने ससमय पूरी तैयारी बेहतर तरीके से करने को कहा।



आदिवासी महोत्सव की तैयारी का निरीक्षण करते विनय कुमार चौबे।

कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा सहित अपर सचिव, आदिवासी कल्याण अजय नाथ झा, टीआरआई निदेशक रणेन्द्र कुमार, खूंटी डीपीआरओ राशिद अख्तर, इवेंट मैनेजमेंट टीम के सदस्य एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। आपको बता दें कि झारखंड के समृद्ध जनजातीय जीवन दर्शन की खूबसूरती को देश-दुनिया में अलग पहचान दिलाने के लिए पिछले वर्ष विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पहली बार झारखंड आदिवासी महोत्सव का आयोजन किया गया था।

इस दौरान झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 में सेमिनार, पैनल डिस्कशन, ट्राईबल फिल्म फेस्टिवल, ट्राइबल फूड्स फेस्टिवल और पेंटिंग एग्जीबिशन का आयोजन किया जाएगा। साथ ही कल्चरल प्रोग्राम के तहत गीत, नृत्य, इंस्ट्रुमेंटल परफॉर्मेंस, नेशनल और इंटरनेशनल बैंड के कार्यक्रम होंगे। इन कार्यक्रमों में विभिन्न राज्यों के जनजातीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

महोत्सव में हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक्स और तीरंदाजी की प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार राशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा। महोत्सव में ट्राइबल सेलिब्रिटीज भी आमंत्रित किए जाएंगे।

# टैगोर हिल की मरम्मत और मेंटेनेंस के लिए 69 लाख 30 हजार रुपये स्वीकृत

## टैगोर हिल स्थित ब्रम्ह मंदिर मामले में हाइकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची स्थित टैगोर हिल के ऊपर स्थित ब्रम्ह मंदिर के संरक्षण एवं केंद्र सरकार द्वारा इसे राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने का आग्रह करने वाली सोसाइटी ऑफ प्रिजर्वेशन ऑफ ट्राईबल कल्चर एंड नेचुरल ब्यूटी की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार ने हाईकोर्ट को बताया कि टैगोर हिल का ब्रम्ह मंदिर राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने योग्य नहीं है, इसके लिए कुछ मापदंड होते हैं, जो ब्रम्ह मंदिर पूरा नहीं करता है। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने कोर्ट को बताया कि भारतीय पुरातत्व विभाग के अप्रूवल के बाद टैगोर हिल के मरम्मत एवं मेंटेनेंस के लिए 69 लाख 30 हजार रुपए राज्य सरकार ने स्वीकृत कर दिया है। राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने मामले में अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शैलेश पोद्दार, केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने पैरवी की। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने इनसे पूछा था की टैगोर हिल के ऊपर स्थित ब्रश मंदिर के संरक्षण एवं इसे राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने को लेकर क्या कदम उठाए जा रहे हैं?



## बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में छापेमारी करने गयी रांची पुलिस की टीम से कैदी ने पूछा

# ...वो दोनों अधिकारी नहीं आया, तुम जाओ और कहना पीपी खोज रहा है!

### बाबूलाल ने ट्वीट कर हेमंत सरकार को घेरा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सोमवार की अहले सुबह रांची पुलिस के कप्तान किशोर कौशल व उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान तीन घंटे तक चली। तीन घंटे के बाद भी पुलिस प्रशासन को कुछ आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। इसी बीच जेल में छापेमारी को लेकर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि सूत्र बता रहे हैं कि आज अहले सुबह रांची के होटवार जेल में छापा मारने गई टीम के लोगों से एक कैदी ने तुम की भाषा में जिले के दो बड़े अधिकारियों का नाम लेकर पूछा कि वो दोनों नहीं आया है, किधर है वह दोनों? सिपाही ने सकपकाते हुए पूछा कि आप कौन हैं? कैदी ने कहा कि जाकर कहो पीपी खोज रहा है।

**बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में हुई थी छापेमारी**

दरअसल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में सोमवार की अहले सुबह डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी किशोर कौशल के नेतृत्व में छापेमारी हुई। जेल में छापेमारी की सूचना के बाद कैदियों के बीच हड़कंप मच गया। 3 घंटे तक चली छापेमारी के दौरान पुलिस ने जेल में बंद एक-एक कैदियों की गहन तलाशी ली। हालांकि इस दौरान पुलिस को कुछ भी आपत्तिजनक सामान हाथ नहीं लगा। छापेमारी टीम में डीसी और एसएसपी के अलावा एसडीओ, सिटी एसपी, डीएसपी, सिटी डीएसपी, सिल्ली डीएसपी, साइबर डीएसपी समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी और 100 से ज्यादा पुलिस बल मौके पर मौजूद थे।

**किसकी सह पर बढ़ा हुआ है इन कैदियों का मनोबल- बाबूलाल**

अब इसी छापेमारी को लेकर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर सवाल उठाते हुए ट्वीट कर सवाल पूछा कि, इस बात में कितनी सच्चाई क्या है? और जेल में बंद सत्ता के दलाल का इतना मनोबल किसकी सह पर बढ़ा हुआ है कि वह जिले के सम्मानित अफसरों के लिये ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहा है। ऐसा लगता है मानो वे लोग इसके घर के नौकर हों?

**बाबूलाल मरांडी ने इडी से की जांच की मांग**

पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन और ईडी को ट्वीट मामले की जांच की मांग की है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता बाबूलाल मरांडी ने ईडी से कहा है कि इस मामले की जाँच करे कि जेल में बंद उसके कैदी को ये ताकत कहां से मिल रही है? अगर मेरी जानकारी पुख्ता है और दलाल जेल से ही अफसरों को हांक कर कानून की धज्जी उड़ा रहा है तो इस कैदी को किसी दूसरे राज्य के जेल में ट्रांसफर करायें।

## रिम्स में अगले सोमवार से डेंटल की कक्षाएं होंगी शुरू

- अनुशासनात्मक कमिटी की बैठक में निर्णय
- मारपीट मामले के आरोपी छात्रों को माता-पिता के साथ आकर प्रबंधन को देना होगा जवाब
- एमबीबीएस छात्रों की कक्षाएं शुरू होने में लगेगा समय, हॉस्टल के प्रवेश द्वार पर लगाए जा रहे है सीसीटीवी कैमरे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रिम्स में मेडिकल छात्रों के बीच मारपीट की घटना को लेकर गठित अनुशासनात्मक कमिटी की बैठक सोमवार को हुई। इसमें कहा गया कि चिन्हित आरोपी छात्रों को माता-पिता के साथ आकर जवाब देना होगा। सभी छात्रों को नोटिस भेजा जाएगा और आने के लिए एक निर्धारित समय दिया जाएगा। उसके बाद ही कक्षाएं संचालित की जाएंगी। इसके अलावा बैठक में तय हुआ कि अगले सोमवार से डेंटल की कक्षाएं शुरू कर दी जाएंगी। प्रबंधन ने जानकारी दी है कि चारों साल के छात्राओं को अलग-अलग बुलाकर हॉस्टल आवंटित किया जाएगा। उसी हिसाब से कक्षाएं संचालित की जाएंगी।

**हॉस्टल में लगाए जा रहे हैं सीसीटीवी कैमरे**

रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने बताया कि हॉस्टल में इस तरह की घटनाएं दोबारा नहीं हो, इसके लिए सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। फिलहाल गर्ल्स हॉस्टल में कैमरे लगाये जा चुके हैं। वहीं ब्वायज हॉस्टल में भी कैमरे लगाने का काम शुरू है। सभी हॉस्टल के कैमरे की मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुपरिटेंडेंट के चैंबर से की जाएगी।

# स्व. सुभाष मुंडा के परिजनों से मंत्री मिथिलेश ठाकुर मिले



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, विधायक विकास मुंडा एवं राजेश कच्छप सोमवार की दोपहर नगडी थाना अंतर्गत दलादली गांव पहुंचकर सीपीएम नेता स्व सुभाष मुंडा के परिजनों से मुलाकत की तथा स्व. मुंडा को श्रद्धांजली अर्पित की। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने स्व. सुभाष मुंडा के पिता लालू मुंडा, माता एवं परिवार के अन्य सदस्यों से बातचीत कर घटना की पूरी जानकारी ली। उन्होंने स्व. मुंडा के परिजनों को ढांढस बंधाया। स्व. मुंडा के माता-पिता और परिजनों ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करवाने का अनुरोध किया। इसके अलावे परिजनों ने मंत्री से पूरे परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई तथा दलादली के समीप एक टीओपी की स्थापना करने का भी अनुरोध किया। स्व. मुंडा के माता-पिता ने आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तार करने को कहा है। मालूम हो कि विगत दिनों सीपीएम नेता सुभाष मुंडा की अपराधियों ने उनके कार्यालय में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी थी।

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने स्व. मुंडा के परिजनों को कहा कि मुख्यमंत्री इस घटना को लेकर काफी गंभीर है तथा पुलिस महानिदेशक को उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार करें। मंत्री ने बताया कि स्व. मुंडा के परिजनों द्वारा सभी मांगों एवं अनुरोध को वे मुख्यमंत्री के संज्ञान में देंगे और बहुत जल्द स्व. मुंडा के परिजनों को मुख्यमंत्री से मुलाकात करायेंगे। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द इस पूरे हत्या प्रकरण से पर्दा उठ जायेगा। हत्यारों को कानून सम्मत सजा तो मिलेगी ही। साथ ही, इस पूरे घटनाक्रम के पीछे के साजिकताओं को बेनकाब किया जायेगा। स्व. मुंडा के परिजनों को न्याय मिलेगा।

### सरयू राय और मंत्री मिथिलेश ठाकुर का पासवा ने जताया आभार

**रांची।** पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने निजी विद्यालयों की आरटीई और मान्यता संबंधी कठिनाइयों को विधानसभा के पटल पर रखने के लिए विधायक सरयू राय और पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के प्रति हृदय से आभार जताय है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मिलकर पासवा अपना पक्ष रखेगी। दूबे ने कहा कि विधायक सरयू राय जी ने बहुत ही सशक्त तरीके से मानसून सत्र में निजी विद्यालयों के प्रश्न को तीन तीन बार रखा और इस प्रश्न पर सरकार की ओर से पेयजल व स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सरकार की ओर से जवाब देते हुए निश्चित रूप से निजी विद्यालयों को राहत देने की बात की तथा जमीन की बाध्यता और 1,00,000 के फिक्स्ड डिपॉजिट पर बहुत सहानुभूति पूर्ण तरीके से विचार करने का आश्वासन दिया।

### पंजाबी हिंदू बिरादरी महिला मंच ने आयोजित की भजन संध्या



**रांची।** पंजाबी हिंदू बिरादरी की महिला मंच द्वारा रविवार को पंजाबी भवन, लाला लाजपत राय पथ में भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज्योति भाटिया के भजनों का आनंद महिलाओं एवं बिरादरी के पदाधिकारियों ने श्रद्धा पूर्वक लिया। कार्यक्रम के अंत में निवर्तमान अध्यक्ष राजेश खन्ना की धर्मपत्नि बबिता खन्ना एवं अध्यक्ष सुधीर उग्गल की अर्धांगिनी सीमा उग्गल को उपहार देकर सम्मानित किया गया। महिला मंच की उपाध्यक्ष विजया अजमानी ने महासचिव बबिता खन्ना को एवं वीणा माकन ने सीमा उग्गल को सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन देते हुए बिरादरी महिला मंच की अध्यक्ष ज्योति चावला ने उपस्थित सभी महिलाओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महिला मंच की कार्यकारिणी सदस्यों में अनिता सखूजा,दर्शना अजमानी,जया विरमानी,पुनम माकन,मीनाक्षी मेहरा,डॉली भाटिया,प्रतिभा सहगल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और बिरादरी के पदाधिकारी उपस्थित थी।

### सीएमपीडीआइ परिवार के दो सदस्यों को सेवानिवृत्त होने पर किया गया सम्मानित





**रांची।** सीएमपीडीआई परिवार के दो सदस्यों को संस्थान के कांफ्रेंस हॉल में सोमवार को आयोजित एक विदाई-सह-सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इनमें रजनीश कुमार-महाप्रबंधक (जियोमेटिक्स) एवं अर्जुन हेम्ब्रोम-महाप्रबंधक (गवेषण) शामिल हैं। इस मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) एसके गोमास्ता एवं निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार ने सेवानिवृत्त कर्मियों को पौधा, मान-पत्र, प्रतीक चि? व शॉल देकर कम्पनी की ओर से सम्मानित किया। मौके पर सेवानिवृत्त कर्मियों को मेडिकल कार्ड भी प्रदान किया गया। समारोह में संस्थान के निदेशक एसके गोमास्ता एवं अजय कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। मौके पर सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्षगण ने भी सभी सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिवारजनों के लिए मंगल कामना की।

### सीसीएल से सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को दी गयी विदाई



**रांची।** सीसीएल से मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत कुल तीन कर्मियों को सेवानिवृति के मौके पर मुख्यालय में सोमवार को सम्मान समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी। सेवानिवृत होनेवाले कर्मियों में क्रमशः पार्थो भप्ताचार्जी, महाप्रबंधक (एचआरडी/विधि विभाग),बोध कृष्णा झा, महाप्रबंधक (उत्खनन), सीसीएमसी विभाग, अविजीत गोस्वामी , मुख्य प्रबंधक (वित्त), आईएडी विभाग प्रमुख है। ज्ञात हो कि जुलाई माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 83 कर्मी सेवानिवृत्त हुए जिन्हें विदाई दी गई। इस अवसर पर सेवानिवृत कर्मियों के कायार्नुभवों पर एक शॉर्ट फिल्मी (विडियो क्लिप) सम्मान समारोह के दौरान प्रदर्शित किया गया। सेवानिवृत कर्मियों ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे कंपनी निरंतर नयी उंचाईयों को छू रही है और हम इसके उत्तरोतर विकास की कामना करते हैं। कार्यक्रम में निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र ने समारोह के मुख्य आकर्षण सेवानिवृत कर्मियों का स्वागत करते हुए कहा कि कंपनी की सफलता में आप सभी का योगदान सराहनीय है। उन्होंने सभी सेवानिवृत हो रहे कर्मियों के जीवन के दूसरी पाली के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ्य जीवन की कामना की। मुख्य सतर्कता अधिकारी, पंकज कुमार ने सभी सेवानिवृत हो रहे कर्मियों के योगदानों की सराहना करते हुये कहा कि रिटायरमेंट के बाद आप सभी अपने आप को सामाजिक एवं अच्छे कार्यों में व्यास्त रखें।

### मारवाड़ी कॉलेज में मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर संगोष्ठी



**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज के जेसी बोस हॉल में हिन्दी विभाग ने कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर 31 जुलाई को संगोष्ठी की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार, मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ) मिथिलेश कुमार सिंह, डॉ अशोक कुमार महतो, डॉ स्नेह प्रभा महतो, अनुभव चक्रवर्ती, डॉ घनश्याम प्रसाद, डॉ स्मिता गहलोत, डॉ सीमा चौधरी, डॉ जयप्रकाश रजक, डॉ लता श्री, डॉ महेश्वर सारंगी, डॉ ललिता कुमारी, वैद्यनाथ महतो ने दीप प्रज्ज्वलित और मुंशी प्रेमचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गोष्ठी का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि प्रो (डॉ) मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि प्रेमचंद सदैव प्रासंगिक रहेंगे। कलम के सिपाही के रूप में उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपना अमूल्य योगदान दिया। सामाजिक कुरीतियों को हटाकर मानवीय मूल्यों की स्थापना करने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जो सिमपैथी को सही तरीके से अभिव्यक्त कर सकता है। डॉ स्नेह प्रभा महतो ने कहा कि प्रेमचंद समाज के विद्रुपताओं को अपने कहानियों के माध्यम से समाज के सामने लगाने का काम किया। प्रेमचंद के काका पात्र आज भी किसी न किसी रुप में उपस्थित दिखते है।

## भाजपा महिला मोर्चा का अटल वेंडर मार्केट में मिलेट्स उत्सव



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पूरे विश्व को मोटा अनाज के उपयोग के प्रति उत्साहित करने एवं किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए एक अभियान चलाया गया है। इसी कड़ी में सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा रांची महानगर की जिलाध्यक्ष अनीता वर्मा की अध्यक्षता में अटल वेंडर मार्केट में मिलेट उत्सव (मोटा अनाज माह) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महिला मोर्चा की बहनों द्वारा मोटे अनाज से स्वयं के बनाये विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गयी। इसमें मुख्य रुप से मड़ुआ का छिलका, मड़ुआ का पिळा, बाजरे का खीर, मड़ुवा का खोवा पिठ्ठा, दाल पिळा, घुघनी सब्जी,मड़ुवा की रोटी, मकई की घुघनीं सहित कई प्रकार के व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई और आमजन को भी खिलाया गया। साथ ही उन्हें इसके लाभ की भी जानकारी दी गयी।

पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने इस एक दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। साथ ही अटल वेंडर मार्केट में स्थित स्व अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया और कहा कि भाजपा महिला मोर्चा रांची महानगर की बहनें मोटा अनाज से निर्मित विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की प्रदर्शनी का आयोजन कर लोगों को उत्साहित करने का काम कर रही है। यह एक बहुत ही अच्छा प्रयास है, जिससे मोटा अनाज को बढ़ावा मिलेगा। इस कार्यक्रम में रांची के सांसद संजय सेठ, स्थानीय विधायक सीपी सिंह, भाजपा रांची जिलाध्यक्ष केके गुप्ता, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, प्रदेश मंत्री काजल प्रधान, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, वरुण साहू जी, पंकज शाहदेव, शोभा यादव, राजश्री जयंती, सीमा सिंह, मंजू लता दुबे, नीरज सिंह, सोनू सिंह, रिंकू तमांग, अनीता ठाकुर, अनीता मोदे सुप्रिया दुबे, सुमन सिंह, रेनू सिंह, किरण बाखला, बेबी गाड़ी, शीतल वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## जीवन मे डीएमबीए की महत्वपूर्ण भूमिका है : डॉ सी रंगेनाथन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बीआईटी मेसरा लालपूर सेंटर के तत्वावधान में सोमवार से डीएमबीए 2023 व्यवसाय के साथ डेटा प्रबंधन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इसका उद्घाटन बीआईटी के कुलपति प्रो.डॉ इंद्रनील मन्ना ने किया। उन्होंने कहा कि आज जो इस कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं यह आपके जीवन को प्रगतिशील बनाने में आपका सहयोगी बनेगा। हम इस क्षेत्र में और योजनाओं को लाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। मुख्य वक्ता सह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित डीन अनुसंधान, नवाचार और उधमिता विभाग डॉ सी रंगेनाथन ने बताया की आपके जीवन मे डीएमबीए का बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई दिया। संयोजक डॉ तन्मय कुमार बनर्जी ने इस कार्यक्रम का विषय को सभी प्रतिभागियों को परिचय कराया।

# बीएयू में पौधा किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण पर जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अधीन संचालित पौधा किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण (पीपीवी एंड एफआरए), नई दिल्ली तथा बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू), रांची के संयुक्त तत्वावधान सोमवार को एक दिवसीय जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि डॉ मैरी नीलिमा केरकेप्ता, अध्यक्ष, जेपीएससी ने कहा कि बदलते कृषि परिवेश एवं कृषि व्यवसायीकरण को देखते हुए किसानों, कृषि विशेषज्ञों एवं पौधा प्रजनकों को बौद्धिक संपदा के आधार के प्रति विशेष जागरूक रहने की जरुरत है। भारत सरकार के पौधा किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001 के अधीन किसानों, शोधकत्ताओं एवं पौधा प्रजनकों को काफी अधिकार मिले हुए है। किसान पीढ़ियों से कृषि पर आश्रित है। वह खेती से फसल पैदा करता है। अपने पारंपरिक फसल किस्मों के बीज का उपयोग, उन्हें संरक्षित और उनकी रक्षा करता है, जिनमें बहुत सारे अच्छे गुण मौजूद होते है। मौके पर अतिथियों में बीएयू द्वारा प्रकाशित पौधा किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण विषयक पुस्तिका का विमोचन किया।

वहीं, पीपीवी एंड एफआरए अध्यक्ष एवं आईसीएआर के पूर्व महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्रा ने किसानों, कृषि विशेषज्ञों एवं पौधा प्रजनकों को बौद्धिक संपदा के संसाधनों का विशेष देखभाल, स्वामित्व एवं संरक्षण पर ध्यान दिये जाने पर जोर दिया। डॉ डीके सक्सेना, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखंड ने कहा कि किसानों को बाजार के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता है। प्रदेश के बहुतायत किसान छोटे एवं मझौले जोतदार है। देश का बीज उद्योग बाजार करीब 30 हजार करोड़ का है। ऐसे में परंपरागत बौद्धिक संपदा पर कृषक अधिकार के प्रति सक्रिय अभियान आज की एक अहम जरुरत है। कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि झारखंड राज्य में अभियान को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि किसान बौद्धिक संपदा से वंचित नहीं हों।

## खबर एक नजर में

### विकास विद्यालय के हिंदी शिक्षक बीआर मिश्रा का निधन

**रांची।** विकास विद्यालय नेवरी के हिंदी विषय के लोकप्रिय विद्वान शिक्षक बीआर मिश्रा का निधन 30 जुलाई रविवार को हो गया। उन्होंने इलाज के दौरान सेवा सदन अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह विगत कई दिनों से बीमार चल रहे थे। विकास विद्यालय में करीब 35 वर्षों तक अध्यापक के रूप में सेवा दिया। उनका विद्यालय के विद्यार्थियों से विशेष लगाव रहता था, यही वजह है कि उनके निधन की खबर सुनकर दर्जनों पूर्ववर्ती छात्र पहुंच गये। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में विकास के विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं विकास विद्यालय के दर्जनों पूर्व विद्यार्थी एवं उनके परिजन शामिल थे।

### आज से शुरू होगा श्री श्याम मंदिर में शिव महापुराण कथा



**रांची।** श्री श्याम मण्डल के तत्वावधान में आज से अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री शिव महापुराण कथा का शुभारम्भ होगा। प्रातः 8:30 बजे से मन्दिर के प्रथम तल्ले में गणपति, नवग्रह इत्यादि के पूजन आचार्य श्याम भारद्वाज के नेतृत्व में होंगे। पूजन के पश्चत अपरा में 3 बजे से लक्ष्मीनारायण मंदिर (सेवा सदन हॉस्पिटल के सामने) 51 कलश पूजन के साथ कलश यात्रा प्रारम्भ होकर श्री श्याम मंदिर में विराजमान किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम अपरा? 4 बजे से चिन्मय आश्रम के स्वामी श्री परिपूर्णनंद जी व्यास पीठ पर विराजमान होकर कथा प्रारम्भ करेंगे। प्रतिदिन कथा संध्या 4 बजे 7 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

### डीएसइ कार्यालय रांची के प्रभारी प्रधान लिपिक सुधीर कुमार सेवानिवृत्त



**रांची।** जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय रांची के प्रभारी प्रधान लिपिक सुधीर कुमार सोमवार को रिटायर कर गये। इस अवसर पर उन्हें सेवानिवृत्ति लाभ दिया गया, जिसमे अर्जित अवकाश, भविष्य निधि अवकाश लाभ पत्र दिया गया। साथ ही ग्रेजुएटी व पेंशन स्वीकृति पत्र भी सौंपा गया। डीएसई कार्यालय कक्ष में आयोजित समारोह में डीएसई सह डीईओ मिथलेश केरकेट्टा ने उनके स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं, अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने उनके पूरे सेवाकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि मृदुभाषी, व्यवहार कुशल और शिक्षकों के प्रति किए गए कार्यों के बदौलत एक अलग पहचान बनाई। इस दौरान संघ की ओर से डीएसई मिथिलेश केरकेट्टा और डिप्टी डीएसई कामेश्वर सिंह को भी शॉल भेंट किया गया। इस अवसर पर विजेंद्र चौबे, नसीम अहमद, अनूप केशरी, सलीम सहाय, कृष्णा शर्मा, संतोष कुमार, संजय कुमार, अजय ज्ञानी, ओम प्रकाश उपाध्याय, अमित कुमार, सस्फेतुल्लाह अंसारी, हैदर अंसारी, संजय कुमार, प्रकाश उरांव, जयराम मांझी, दिवाकर, जितेंद्र कुमार, राजेश कुमार, ललिता देवी, सविता कुमारी, सुषमा, राखी, सुनीता कुमारी और युदिका डुंगडुंग उपस्थित थीं।

### दिवंगत सुभाष मुंडा के घर पहुंचा युवा राजद का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** युवा राजद अध्यक्ष रंजन कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल माकपा नेता सुभाष मुंडा के घर जाकर उनके तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रतिनिधिमंडल परिजनों से मिलकर शोक-संवेदना व्यक्त करते हुए कहा की राष्ट्रीय जनता दल हमेशा सुभाष मुंडा के परिवार के साथ खड़ा रहेगा। रंजन कुमार ने कहा कि माकपा नेता सुभाष मुंडा के हत्या की खबर से राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी आहत हैं। उनहोंने दुःख व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री से आग्रह किया की जल्द से जल्द हत्यारों को गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन करते हुए कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का काम किया जाये। परिजनों के साथ न्याय करने का काम करें और राज्य में कानून-व्यवस्था दुरुस्त करने का काम करें।

### सीयूजे में केके राव ने कुलसचिव का पदभार ग्रहण किया

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में सोमवार को कुलसचिव के रूप में केके राव ने पदभार ग्रहण किया। प्रो मनोज कुमार (कार्यवाहक) ने सीयूजे के कुलसचिव कक्ष में केके राव को कार्यभार सौंपा। केके राव के पास बहुत विशाल और प्रभावशाली प्रशासनिक अनुभव है। सीयूजे में शामिल होने से पहले वो ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी थे। कार्यभार संभालने के बाद केके राव ने कहा कि विश्वविद्यालय को देश की अग्रणी शिक्षण संस्थानों की कतार में लाना उनका मुख्य उद्देश्य है। उसके लिए वो अपनी प्रशासनिक अनुभव का भरपूर इस्तेमाल करेंगे, ताकि टीम वर्क के साथ एक बेहतर माहौल बन सके। वहीं, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो केबी दास ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी।

### भौकाल यू-ट्यूब चैनल के संचालक टीपू सुल्तान खान गिरफ्तार

**रांची/गढ़वा।** पुलिस ने भौकाल टीवी नामक यूट्यूब चैनल के संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। भौकाल टीवी नामक यू-ट्यूब चैनल के संचालक आरोपी टीपू सुल्तान खान उर्फ समर पिता- गढ़वा थाना क्षेत्र के दरमी गांव का रहने वाला है। गढ़वा एसपी अंजनी कुमार झा ने बताया भौकाल टीवी नामक यू-ट्यूब फेसबुक चैनल के द्वारा मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष सहित अन्य मंत्री के विवादित, विद्वेषपूर्ण भाषा का प्रयोग करते हुए एक वीडियो अपलोड कर उसे प्रसारित किया गया था। इस संदर्भ में रतन कुमार सिंह के आवेदन पर रंका थाना में (117/2023) बीते रविवार को आईपीसी, आईटी एक्ट ओर एससीएसटी एक्ट के विभिन्न धारा में प्राथमिकी दर्ज किया गया था। एसपी अंजनी कुमार झा ने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए यू-ट्यूब चैनल के संचालक की फोटो से पहचान कर आरोपी संचालक टीपू सुल्तान खान उर्फ समर को गिरफ्तार कर लिया। वहीं यू-ट्यूब चैनल पर आपत्तिजनक बयान देने वाले व्यक्ति की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। टीपू सुल्तान पर अरगोड़ा थाने में झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अरगोड़ा थाना पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेने के लिए गढ़वा रवाना हो गई है।

### 27 अगस्त को झारखंड में इंडिया टैलेंट मंच का आयोजन



**रांची।** आगामी 27 अगस्त, 2023 को झारखंड में इंडिया टैलेंट मंच का सीजन टू का आयोजन किया जा रहा है। मंच की चेयरमैन सरिता मैम व आयोजक रोहित राज ने प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि टैलेंट हंट में प्रतियोगी के लिए 20 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। कहा गया कि टैलेंट हंट मंच में प्रतिभागियों की आयु सीमा 10 से 15 साल, 15 से 20 साल, 20 से 30 साल रखी गई है। प्रतियोगिता में दिब्यांग प्रतियोगियों के लिए इंट्री फार्म निशुल्क रखा गया है। रोहित राज ने बताया कि इंडिया टैलेंट मंच मॉडलिंग, सिंगिंग, डांसिंग, पेंटिग्स समेत कई क्षेत्रों में प्रतिस्पर्द्धा कराने को आतुर है। बिहार में सीजन वन का सक्सेसफुल होने के बाद झारखंड के अन्य जिलों से टैलेंट को खोजा जाएगा और उन्हें इंडिया हंट में शामिल किया जाएगा। मौके पर भूपेंद्र सिंह, शुभ्रजा सिंह, बिन्नी सिन्हा, राम सिंह, पिया बर्म्मन, रेशमी बेसरा समेत कई लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## रातू : 14 वर्षीया स्कूली छात्रा लापता



**रातू।** थाना क्षेत्र के हेहल निवासी सोहन उरांव की 14 वर्षीया पुत्री और गांव के स्कूल में सातवीं की छात्रा अंजना उरांव 26 जुलाई की दोपहर से लापता हो गयी है। वह स्कर्ट और टी.शर्ट पहनी हुयी है। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन कीए लेकिन कोई पता नहीं चल पाया है। इससे विवश होकर सोमवार की शाम मां संतोषी उरांव ने रातू थाने में गुमसुदगी का संहा दर्ज करायी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## एनसीइआरटी कॉमन इंट्रेंस में अर्जुन को राज्य में पहला स्थान

**बुढ़मू।** एनसीईआरटी कॉमन इंट्रेंस एक्जाम में ठाकुरगांव निवासी मधुसूदन साहु का लड़का अर्जुन राज ने देश भर में पांचवा स्थान और झारखंड में पहला स्थान हासिल किया। एनसीईआरटी कॉमन इंट्रेंस एक्जाम में एक लाख तैतालिस हजार विद्यार्थी शामिल हुए थे। इस सफलता पर सांसद संजय सेठ, विधायक समरीलाल, मनोज वाजपीये, रामजीत गंझू, सत्य नारायण मुंडा, सचिन पाहन, जयंती देवीए कमल मोदी सहित अन्य ने बधाई दी है।

## वज्रपात से एक की मौत, एक घायल

**तमाड़।** थाना क्षेत्र जानुमपीड़ी पंचायत अंतर्गत दुलमी गांव निवासी मंगल सिंह मुंडा (22 वर्ष) की सोमवार दोपहर वज्रपात के चपेट में आने से मौत हो गयी। वही अजय महतो (12 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। मंगल मुंडा धान रोपनी कर रहे थे। तभी वे वज्रपात की चपेट में आ गये। वही समीप खड़े अजय महतो घायल हो गए। जानुमपीड़ी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि मानकी उमाकान्त सिंह ने आपदा विभाग सें जल्द मुआवजा देने की मांग की है।

## उरुगुट्टू बाजारटांड़ में अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के उरुगुट्टू बाजारटांड़ में सोमवार को मुहर्रम पर अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता सह मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन थाना प्रभारी कृष्णा कुमार व समिति के पदाधिकारियों द्वारा लाठी भांजकर किया गया। मौके पर कांके समेत बुढ़मू, रातू, खलारी, पतरातू, रामगढ़, चान्हो, मांडर आदि जगहों के अखाड़ेधारी शामिल हुए। अखाड़ेधारियों द्वारा देर शाम तक एक से बढ़कर एक करतब दिखाये गये। कार्यक्रम में समिति के सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

## सावडीह पापरीदा और हेसाडीह गांव में हाथियों का उत्पात

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के सावडीह पापरीदा ओर हेसाडीह में हाथियों के झुंड ने जम कर उत्पात मचाया है। सोमवार दिन में ही एक हाथी ने धान बिचड़ा और सब्जी फसल को नष्ट कर दिया। सावडीह के किसान आशीर्वाद महतो के खेत मे सब्जी और धान बिचड़ा को नष्ट किया है।

## राहे प्रखंड में लगा कैंसर जांच शिविर

**राहे।** प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राहेएस्वास्थ्य केंद्र पारमडीह ओर स्वास्थ्य केंद्र लोवाहातू में सोमवार को कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन गूंज परिवार सिल्ल और टाटा ट्रस्ट ने संयुक्त रूप से किया।

राज्यपाल ने कांके-ओरमांझी के कस्तूरबा विद्यालयों का लिया जायजा, छात्राओं से किया संवाद, कहा

# सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें

## छात्राओं की सुविधाओं का किया गया अवलोकन

खबर मन्त्र टीम

**रांची/कांके/ओरमांझी।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कांके एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ओरमांझी जाकर विद्यालय में व्याप्त विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया। इस मौके पर दोनों ही स्कूलों में राज्यपाल ने छात्राओं से संवाद कर जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने को कहा कि कोई विषय समझ में नहीं आए तो उसे अपने शिक्षक के समक्ष रख अपनी दुविधा को दूर करें। इस मौके पर राज्यपाल ने विद्यालयों में समय-समय पर आई कैंप लगाकर बच्चों के आंखों की जांच भी किए जाने की बात कही। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कांके में अपने संबोधन में कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए आप सभी लक्ष्य निर्धारित करें एवं समयबद्ध तरीके से अपनी दिनचर्या का अनुशासित भाव से पालन करें। इसके साथ-साथ कठिन मेहनत, एकाग्रता एवं उत्साह का होना भी आवश्यक है।



ओरमांझी कस्तूरबा विद्यालय में बैंड टीम की छात्राओं के साथ राज्यपाल।

### प्रत्येक क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें

राज्यपाल ने छात्राओं से कहा कि अपनी दिनचर्या के अनुसार प्रत्येक क्षेत्र में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। पढ़ाई के समय पूरी तरह पढ़ाई पर ध्यान दें और यदि खेल रहें है तो सिर्फ खेल पर ध्यान दें। उन्होंने छात्राओं से कहा कि असफलता की चिंता नहीं करते हुए समर्पण भाव से पढ़ाई करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने कक्षा 10 में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के लिए अंशु मुंडा को पुरस्कृत भी किया। राज्यपाल ने विभिन्न कक्षाओं, साइंस लैब, आईसीआई लैब, एमएचएम लैब, जिम रूम जाकर विद्यार्थियों एवं शिक्षिका से संवाद किया।

### शिक्षिका ने राज्यपाल से मांगा अतिरिक्त छात्रावास

इस दौरान एक शिक्षिका द्वारा छात्राओं की अधिक संख्या होने के कारण एक अतिरिक्त छात्रावास की आवश्यकता बताई गयी। उनके द्वारा यह भी कहा गया कि शिक्षिकाओं के लिए भी पर्याप्त आवासन की सुविधा आवश्यक है। राज्यपाल ने आश्वसन दिया कि इसके लिए शीघ्र निदेशित किया जायेगा। राज्यपाल ने किचन एवं डायनिंग हॉल का भी अवलोकन किया तथा छात्राओं को प्रदत्त भोजन सुविधा की जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने वहां की छात्राओं द्वारा मेडिसिनल प्लांट, उत्सर्जन तंत्र, जलचक्र, अमृत कृषि, मानव हृदय, ज्वालामुखी इत्यादि विषयों पर लगाये गए प्रदर्शनी देखकर उनकी प्रतिभा की सराहना की। प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद राज्यपाल ने बाल संसद के सदस्यों से भी वार्ता की। वहीं राज्यपाल से वार्ता कर कस्तूरबा की छात्राएं काफी उत्साहित थीं। छात्राओं ने राज्यपाल के दिये गये टिप्स को पूर्णतः पालन करने का भी संकल्प लिया।

### राज्यपाल से एक छात्रा ने पूछी उनकी जीवन गाथा

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, ओरमांझी का भ्रमण करने के दौरान स्कूल परिसर में संचालित नेताजी सुभाष चंद्र बोस विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं से भी मिले। वहां उन्होंने सभी कक्षा 1 से कक्षा 12 तक जाकर सभी छात्राओं से संवाद किया तथा उन्हें कड़ी मेहनत व समर्पण के साथ पढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं के रीडिंग स्किल पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि कभी-कभी बच्चों में नेत्रदोष की भी समस्या होती है और वे ठीक से देख नहीं पाते हैं, जिससे उन्हें पढ़ने में असुविधा होती है। अतः समय-समय पर आई कैंप लगाकर बच्चों के आंखों की जांच भी की जानी चाहिए। बाल संसद की एक छात्रा द्वारा राज्यपाल महोदय से अपनी जीवनी बताने हेतु आग्रह पर राज्यपाल महोदय ने बच्चों को अपने गांव के सरकारी स्कूल से पढ़ने, दो बार सांसद रहने से लेकर राज्यपाल के पद पर पदभार ग्रहण करने तक के संघर्ष की कहानी भी सुनाई। उन्होंने छात्राओं से कहा कि दिनचर्या निर्धारित कर उसके अनुरूप कार्य करें। सफलता अवश्य मिलेगी।

एक नजर में

## कांग्रेसियों ने मणिपुर सरकार का फूंका पुतला



इटकी में पुतला दहन में शामिल कांग्रेस के कार्यकर्ता।

**इटकी।** मणिपुर की घटना के खिलाफ सोमवार को इटकी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र व मणिपुर सरकार का पुतला दहन किया। इससे पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया। जुलूस प्रखंड मुख्यालय से निकलकर स्टेशन रोड होते हुए इटकी बाजार पहुंचा। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाये गये। कार्यक्रम में बलराम गोप, अबुमाज, अबरार इमाम, राजन किस्पोट्टा, अब्बास अंसारी, मनोज रजक, फिरोज आलम, विष्णु महली, सुनील मींज, रहमान अंसारी, राजेश तिर्की, अहमद अंसारी, लाला खान व अनमोल शामिल थे।

## सेवानिवृत्ति पर कोयला कर्मियों को दी विदाई

**पिपरवार।** सेवानिवृत्ति हुए कोयला कर्मियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। इसमें सेवानिवृत्त होने वाले कामगारों में विद्यापति सिंह पदनाम ऑफिस सुपरीटेंडेंट अरुण कुमार भट्टाचार्य पदनाम ऑफिस सुपरीटेंडेंट सुखदेव गंझु पदनाम डंपर ऑपरेटर बिफा उरांव पदनाम ड्रीलर जीतन महतो पदनाम टंडेल श्रीमन्नु पदनाम पंप ऑपरेटर आदि कोयला कर्मियों के सेवानिवृत्ति पर श्रीफल एवं अंग वस्त्र सहित अन्य उपहार देकर उपस्थित अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। मौक पर अशो परियोजना पदाधिकारी ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कल्याणपुर में नेत्र जांच शिविर

**पिपरवार।** कल्याणपुर मवि में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर डॉ अभिषेक कुमार सिंह एमडी नेत्र एम्स नई दिल्ली द्वारा लगाया गया था। इसमें क्षेत्र क सैकड़ों लोगों के नेत्र की जांच कर दवा प्रदान की गई। मौके पर पंचायत के मुखिया समेत कई लोग मौजूद थे।

# माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड के एजेंटों का प्रदर्शन

## सरकार कमेटी गठित कर निवेशकों का जमा धन वापस कराये

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके।** माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड भुवनेश्वर उड़ीसा से जुड़े सैकड़ों एजेंटों ने महाराजा मदरा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम पतरातू रिंग रोड कांके में बैठक की। बैठक के बाद पोस्टर लेकर कंपनी में जमा धन वापस करो की मांग को लेकर नारेबाजी की। कहा कि माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड चिटफंड कंपनी भुनेश्वर उड़ीसा की कंपनी, जो रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से निबंधित कंपनी है, झारखंड में विगत 2001 से कार्य कर रही थी। इसमें सिर्फ रांची जिले के लगभग 15000 निवेशकों का लगभग सोलह करोड़ रुपया जमा है। इस कंपनी के एजेंटों ने बताया कि वर्ष 2014 में यह कंपनी सीबीआई जांच के नाम से बंद हो गई। फिर सेबी 2016 में निवेशकों का पैसा वापस करने का ऑर्डर दिया। लेकिन सीबीआई जांच का कारण बता निवेशकों का पैसा नहीं दिया गया। कंपनी के खाता में करोड़ों रुपये जमा हैं। कंपनी की संपत्ति में कई होटल, कई चैनल और जमीन हैं, जो सभी कार्य कर रहे हैं। इससे कंपनी को आय भी हो रही है। पांच वर्ष पूर्व रांची और खूंटी जिला के निवेशकों का निवेश संबंधी सभी पेपर सीबीआई पैसा वापस देगा कहकर कंपनी वापस भी जमा करा लिया है, लेकिन अभी तक निवेशकों का जमा धन वापस नहीं मिला है। केन्द्र सरकार, सेबी, सीबीआई और न्यायालय के चक्कर में निवेशकों और एजेंटों को जमा धन वापस नहीं मिलने से वे मानसिक पीड़ा में हैं। एजेंटों ने कहा कि निवेशकों का पैसा जमा धन वापस मिले इसको लेकर हम आगे भी आंदोलन करेंगे।

### बैठक में ये लोग थे मौजूद

बैठक और प्रदर्शन में राजकुमार महतो, मजबूल खान, झलकू महतो, बलराम महतो, सुजीत उरांव, अंजू देवी, मुन्नी देवी, गीता देवी, रमेश महतो, अशोक सिंह, बलराम साहू, उमेश कुमार, मो हसीब अहमद, राम सुंदर महतो सहित कई मौजूद थे।

## स्कूली बच्ची के साथ अनहोनी की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के एक स्कूल में पढ़ने वाली पांच वर्ष की एक बच्ची के साथ अनहोनी की आशंका को लेकर सोमवार को पुलिस स्कूल जाकर जांच पड़ताल करती रही। बच्ची के बीमार होने तथा खाना पीना में रुचि नही रखने के चलते किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए बच्ची के अभिभावक उसे मेडीकल चेकअप के लिए शनिवार को करीब बारह बजे दिन मे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोंदली पोखर लाए थे, जहां महिला चिकत्सक ने उसके प्राईवेट पार्ट मे रेडनेस होने की बात कह कर उसे सदर अस्पताल रांची रेफर की थी । परन्तु बच्ची के घर वाले उसे सदर अस्पताल नहीं ले जाने के बजाय बच्ची को घर ले गए । लेकिन घर में ले जाने के बाद बच्ची की तबीयत बिगड़ने लगी और मामला सोमवार को पुलिस तक पहुंचा। पुलिस अधिकारियों के सूत्रो के अनुसार मंगलवार को बच्ची का मेडिकल जांच करवाया जाएगा। मेडीकल रिपोट आने के बाद ही पुलिस के द्वारा अग्रेतर कार्रवाई करने की बात की जा रही है।

## ओरमांझी के पांचा बाजार से बाइक चोरी

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के पांचा बाजार के बाहर खड़ी बाइक की चोरी हो गई। घटना रविवार की शाम करीब पांच बजे की है। कुटे गांव निवासी अयाज अंसारी बाइक से सब्जी लेने पांचा रविवार बाजार गया था। बाइक खड़ी वह बाजार के अंदर गया। कुछ देर बाद सब्जी खरीद कर वापस लौटा तो उसकी बाइक गायब थी।

## नगड़ी : किसान की बाइक की चोरी

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी चेकपोस्ट स्थित दास फुटवेयर दुकान के समीप से नारो महतो टोली निवासी किसान दिनेश महतो की बाइक की चोरी हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक नहीं मिली।

## घोषणा पत्र

मैं रामप्रसाद लोहरा, उम्र 47 वर्ष, पिता- चैतू लोहरा, ग्राम- ढोंटी, थाना- चंदवा, जिला- लातेहार, राज्य- झारखंड।

1 यह कि बिनोद लोहरा मेरा पुत्र है जो पिछले 06 माह से बिना किसी सूचना के घर के बाहर है। मुझे संदेह है कि मेरा पुत्र किसी अवैध कार्य में संलिप्त हैं।

2 यह कि मेरा पुत्र से किसी प्रकार का कोई वास्ता सरोकार अब नही रहा, क्योंकि मेरा पुत्र मेरे देखरेख व संरक्षण में नहीं है तथा परिवार के किसी भी कार्य व्यवहार में सहभागिता नहीं है।

3 यह कि मैं अपने उक्त पुत्र के आचरण से परेशान होकर अपने चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

ई-निविदा सूचना सं.: टीआरडी-आरएसी-23-24-11, दिनांक 28.07.2023, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची के द्वारा निविदा सूचना सं. टीआरडी-आरएसी-23-24-11 दिनांक 28.07.2023 के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: कार्य का संक्षिप्त विवरण: (1) मौजूदा ट्रैक को 3 से 4 मीटर स्थानांतरित करके पिस्का स्टेशन के वर्तमान हाई लेवल प्लेटफॉर्म के विस्तार के कारण ओएचई के रूपांतरण के साथ एसईए (पीएफ शेड, वाटर बूथ आदि) का प्रावधान। (2) पिस्का में नए हाई लेवल प्लेटफॉर्म के निर्माण के कारण ओएचई का रूपांतरण । कार्य का अनुमानित मूल्य: रु. 52,24,929/-, बयाना राशि/बोली प्रतिभूति: रु. 1,04,500/-, अंतिम तिथि और समय: दिनांक 28.08.2023 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट http:// www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट जरूर रहे एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात निविदाकार द्वारा निविदा कागजात के साथ अपलोड किए जाएं। (PR-454)

## रातू : 150 महिलाओं को मिला कोर कार्बन चूल्हा

**रातू।** कांके मनातू पंचायत के टेंडर में सोमवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ग्रामीण जिला मंत्री सह सांसद प्रतिनिधि अशोक नायक ने गांव की 150 महिलाओं के बीच कोर कार्बन चूल्हे का वितरण किया गया। उन्होंने श्री नायक के प्रति आभार जताया। मौके पर मुखिया पुनम देवी, पुस्मती देवी, पूर्व मुखिया सह सांसद प्रतिनिधि ठानों मुंडा, तुलसी गोप, अनील महतो, पंकज कुमार, श्याम प्रकाश, मनोज कुमार, आरती देवी, सीता लकड़ा, मंजू देवी, सुषमा नाग, सबिता देवी, रीता देवी, पूनम देवी, शकुंतला देवी, रीमा देवी मौजूद थीं।

## मुहर्रम जुलूस को लेकर हुई बैठक में मारपीट, दो घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** मुहर्रम जुलूस को लेकर बैठक में आपस में भिड़ंत हो गई। जमकर चली लाठी डंडा जिससे दो लोग घायल हो गए हैं। दोनो घायलों का उपचार सीएचसी ओरमांझी में कराया गया। थाना क्षेत्र के टुंडाहुली में हुई घटना के संबंध में बताया कि एक अगस्त को बगल के गांव मंदरो में मुहर्रम जुलूस ले जाने को लेकर गांव में बैठक हो रही थी। बैठक में जुलूस ले जाने का निर्णय भी हो चूका था। तभी किसी बात को लेकर विवाद होने लगी और दोनो पक्ष के स्वजन भी विवाद में शामिल हो गए और मारपीट होने लगी। इस घटना में गांव के मनवर अंसारी व लुकमान अंसारी घायल हो गए। बताया गया कि दोनो रिस्ते में आपस भाई हैं, और आपस में दोनो के बीच पुराना विवाद चल रहा है। बैठक के दौरान मामूली बात पर दोनो पक्ष के लोग आपस में भिड़ गए। दो की ओर से ओरमांझी थाना में लिखित शिकायत की गई है। पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है।

## लापता सोमा मुंडा का शव सात माह बाद जरेया जंगल से बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** रामपुर पंचायत के जरया मारीडीह के रहनेवाले सोमा मुंडा 33 वर्ष का शव सोमवार को जरया जंगल से बरामद किया है। मृतक सोमा 13 दिसंबर 2022 से अपने घर से लापता था। उसके भाई ने गुमशुदगी की रिर्पोट 26 दिसंबर को नामकुम थाने में दर्ज करायी थी। मामले में एएसपी रित्विक श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हे गुप्त सूचना मिली थी कि सोमा के चचेरे भाई शिंबु मुंडा ने अपने साथी जीत सिंह पाहन के साथ मिलकर सोमा की हत्या कर शव को जंगल में गाड़ दिया है। इसके बाद टीम का गठन किया गया। टीम ने जरेया से शिंबु मुंडा को पकड़ कर पूछताछ की तो उसने पूरी कहानी पुलिस को बता दी। जिसके पुलिस टीम ने मजिस्ट्रेट के सामने शव को जरेया जंगल से जमीन खोद कर निकाला और उसे पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया इधर शिंबु की निशनदेही पर पुलिस ने गांव के ही जीत सिंह पाहन को भी हिरासत में ले लिया है, दोनो को देर रात जेल भेज दिया गया।

## रातू : सेवानिवृत्त बीसीइओ को दी गयी भावभीनी विदाई

### मिलनसार स्वभाव के हैं देवेंद्र पांडेय

**रातू।** प्रखंड के सेवानिवृत्त सहकारिता प्रसार पदाधिकारी देवेंद्र नाथ पांडेय को सोमवार की शाम सह कर्मियों की ओर से भावभीनी बिदाई दी गयी। मुख्यालय सभागार में आयोजित समारोह के दौरान वक्ताओं ने मृदु, हंसमुख और मिलनसार स्वभाव के धनी श्री पांडेय के कार्यकाल को खूब सराहा। इससे पूर्व पशुपालन पदाधिकारी डॉ विजय कुमार ने उन्हें पुष्प गुच्छ और उपहार भेंट कर दीघार्यु होने की कामना की। कार्यक्रम में उनके परिवार के सदस्य भी शामिल हुये। संचालन तैयब अंसारी ने किया। मौके पर राजेश श्रीवास्तव, अर्चना सिन्हा, राजीव रंजन, उदय कुमार, देव, विनय कुमार सिन्हा, मनोज कुमार, शमीम मंसुरी, मो जमालुद्दीन, मंजर आलम, अनिल उपाध्याय व राधेश्याम पांडेय तथा प्रखंड अंचल कर्मी, जनसेवक व पंचायत सचिव आदि मौजूद थे।

# लोक जीवन के महान कहानीकार थे मुंशी प्रेमचंद

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर सोमवार को आरटीसी कॉलेज ओरमांझी में लव विद नेचर के रूप में मनाया गया। कॉलेज के विवेकानंद समागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सासंद रामटहल चौधरी के साथ अन्य अतिथियों द्वारा मुंशी प्रेमचन्द की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके लिखे साहित्य व उपन्यास पर प्रकाश डाला गया।



मुंशी प्रेमचंद जयंती पर पौधरोपण करते रामटहल चौधरी।

रामटहल चौधरी ने मुंशी प्रेमचंद के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हे लोक जीवन का महान कहानीकार बताया और कहा वे अपने साहित्य में हिन्दुत्व पद्धति, जीवन शौली व प्राकृतिक जीवन का प्रयोग करते थे। वहीं पूर्व उपप्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू ने कहा अपने कहानियों में ईसाई कैलेंडर का इस्तमाल नहीं कर भारतीय कैलेंडर विक्रम संवत के माह चैत, बैशाख, जेठ व आषाढ़ का उपयोग करते थे। उनकी अधिकांश कहानियों में भी भारतीय त्योहार का खूब प्रयोग हुआ है। कार्यक्रम में कॉलेज के निदेशक डॉ पारसनाथ महतो व प्रो इमरान अंसारी सहित कई लोगों ने अपने विचार रखें। बाद में कॉलेज परिसर में पौधरोपण भी किया गया। वहीं निदेशक डॉ पारसनाथ महतो ने मुंशी प्रेमचंद की जयंती को पौधरोपण पखवारा के रूप में मनाने की घोषणा की।

### कार्यक्रम में ये लोग थे मौजूद

कार्यक्रम में प्रचार्य भीम महतो, ब्रजभुषण निरज, ललिता मेहता, एकबाल अंसारी, रीता कुमारी, योगेन्द्र ठाकुर, रामकुमार महतो, कैलाश ठाकुर, शशि मिश्रा, आरएल पांडेय, रेणु चौधरी, मीनू कुमारी, अनुराधा कुमारी सहित कॉलेज के प्राध्यापक व छात्र-छात्राओं उपस्थित थे।

कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा

-:आम सूचना :-

" प्रथम विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन "

पशुओं में होने वाले संक्रामक एंव अन्य बीमारियों की चिकित्सा व्यवस्था सूनिश्चित करने तथा पशुपालकों में जागरूकता लाने के लिए विभाग द्वारा दो दिवसीय (पंचायत स्तरीय) विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी सूची निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | पंचायत | | शिविर स्थल का नाम | दिनांक | पशु चिकित्सक/कर्मचारी का नाम एवं पदनाम | मो0 न0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | जयनगर | 1 | हीरोडीह | पंचायत भवन | 02.08.2023 03.08.2023 | 1. डॉ0 निर्मला मिंज भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, तिलैया। 2. श्री शंकर दयाल शर्मा (पशुधन सहायक) | 9934748130 |
| | | 2 | कन्द्रापडी | पंचायत भवन | 04.08.2023 05.08.2023 | | |
| | | 3 | कॉंकरचोली | पंचायत भवन | 07.08.2023 08.08.2023 | | |
| | | 4 | कठाडीह | पंचायत भवन | 10.08.2023 11.08.2023 | | |
| | | 5 | सतडीहा | पंचायत भवन | 12.08.2023 14.08.2023 | | |
| | | 6 | योगियाटिल्हा | पंचायत भवन | 16.08.2023 17.08.2023 | | |
| | | 7 | तमाई | पंचायत भवन | 18.08.2023 19.08.2023 | | |
| | | 8 | करियाँवा | पंचायतभवन | 21.08.2023 22.08.2023 | | |
| | जयनगर | 9 | घरौंजा | पंचायत भवन | 02.08.2023 03.08.2023 | 1. डॉ0 तीनी एक्का भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, जयनगर। 2. श्री रजनीश कुमार (पशुधन सहायक) | 9931742693 |
| | | 10 | नईटॉंड | पंचायत भवन | 04.08.2023 05.08.2023 | | |
| | | 11 | डण्डाडीह | पंचायत भवन | 07.08.2023 08.08.2023 | | |
| | | 12 | रूपायडीह | पंचायत भवन | 10.08.2023 11.08.2023 | | |
| | | 13 | गड़गी | पंचायत भवन | 12.08.2023 14.08.2023 | | |
| | | 14 | तेतरान | पंचायत भवन | 16.08.2023 17.08.2023 | | |
| | | 15 | कटिया | पंचायत भवन | 18.08.2023 19.08.2023 | | |
| | | 16 | तिलोकरी | पंचायत भवन | 21.08.2023 22.08.2023 | | |
| | | 17 | चेहाल | पंचायत भवन | 23.08.2023 24.08.2023 | | |
| | | 18 | खरियोडीह | पंचायत भवन | 25.08.2023 26.08.2023 | | |
| 02 | डोमचाँच | 19 | बच्छेडीह | पंचायत भवन | 02.08.2023 03.08.2023 | 1. डॉ अरूण कुमार राय भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डोमचांच, 2. श्री हरिशचन्द्र मिश्रा (अनुसेवक) | 9934352062 |
| | | 20 | खरखार | पंचायत भवन | 04.08.2023 05.08.2023 | | |
| | | 21 | धरगाँव | पंचायत भवन | 07.08.2023 08.08.2023 | | |
| | | 22 | फुलवरिया | पंचायत भवन | 10.08.2023 11.08.2023 | | |
| | | 23 | पुरनाडीह | पंचायत भवन | 12.08.2023 14.08.2023 | | |
| | | 24 | महथाडीह | पंचायत भवन | 16.08.2023 17.08.2023 | | |
| | | 25 | कारखूँट | पंचायत भवन | 18.08.2023 19.08.2023 | | |
| | | 26 | नावाडीह | पंचायत भवन | 21.08.2023 22.08.2023 | | |
| | | 27 | मधुबन | पंचायत भवन | 23.08.2023 24.08.2023 | | |
| | | 28 | बेहराडीह | पंचायत भवन | 25.08.2023 26.08.2023 | | |

नोट :- शिविर आयोजन का उद्देश्य पशुपालकों को समीपवर्ती क्षेत्र में ही चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना है। जिससे पशुपालकों के समय की बचत हो सकें और स्थानीय स्तर पर चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकें। पंचायत मुख्यालय में आयोजित करेंगे।

शिविर का समयः- सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 तक विशेष पशु चिकित्सा शिविर अन्तर्गत उपलब्ध कराये जाने वाले पशु स्वास्थ्य एवं अन्य सेवाएँ निम्नवत होगी।

1. पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों की चिकित्सा।
2. भेड़, बकरी, गाय एवं भैस में उपलब्धता के अनुसार कृमिनाशक दवा देना।
3. उपलब्धता के अनुसार मिनरल मिक्चर एवं फीड सप्लीमेंट का वितरण।
4. विभिन्न बीमारियों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
5. पशु रोगों की जॉच ।
6. बॉझपन चिकित्सा एवं गर्भ जॉच।
7. केन्द्र प्रायोजित योजना, राज्य योजना एवं पशुपालन विभाग से संबंधित अन्य कार्यक्रम से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
8. आयेजित होने वाली विशेष पशु चिकित्सा शिविर में अपने पशुओं का यथोचित ईलाज करायें एवं बीमारी से बचाव हेतु जानकारी प्राप्त करेगें।

निवेदक:- जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा।

विश्वासभाजन
जिला पशुपालन पदाधिकारी
कोडरमा

PR303635 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)23-24*D

## स्पीड न्यूज

### सीता पुष्पा ने किया पदभार ग्रहण



**गुमला।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी गुमला के रूप में सीता पुष्पा ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को अतिरिक्त प्रभार के रूप में जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का पदभार सौंपा। मौके पर सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी एलिना दास, प्रधान लिपिक स्वाति तिर्की, जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के राम लखन कुमार, दिवाकर साहू, मो फिरोज मौजूद थे।

### गैरेज को लेकर मारपीट में एक घायल

**गुमला।** सिसई रोड भट्ठी तालाब के पास गैरेज में दुकान चलाने को लेकर दो लोगों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें हुसैन नगर के मो गुलशाद (23) पर मो दिलशाद ने रड से हमला कर दिया। इसमें गुलशाद का सिर फट गया और वह वहीं बेहोश होकर गिर पड़ा। घायल गुलशाद ने बताया कि सिसई रोड स्थित एक गैरेज खाली हो रहा था। उसी गैरेज को लेकर दोनों में हो रहा विवाद मारपीट में बदल गया।

### नस काटकर आत्महत्या का प्रयास

**गुमला।** शहरी क्षेत्र से सटे एक सरकारी विद्यालय के नौवीं की एक छात्रा ने सोमवार की दोपहर विद्यालय से छुट्टी के बाद घर लौटने के दौरान रास्ते में ब्लेड से नस काटकर आत्महत्या का प्रयास किया। छात्रा ने 5 से 6 जगहों पर बायें हाथ का नस नस काट लिया। काफी खून बहने से वह बेहोश हो गयी। राहगीरों ने उसे सदर अस्पताल पहुंचाया। जानकारी गुमला पुलिस को दी गयी। प्रेम प्रसंग का मामला संभव है।

### सेवानिवृत्त शिक्षक के सम्मान में समारोह



**भंडरा।** मध्य विद्यालय चट्टी बमनडीहा के शिक्षक अली अहमद सेवानिवृत्त हो गये। अली अहमद के सेवानिवृत्ति पर मध्य विद्यालय एवं उत्क्रमित प्लस टू विद्यालय बीटीपी में सम्मान समारोह किया गया। शिक्षकों ने बताया कि अली अहमद मृदुभाषी, व्यवहार कुशल एवं शिक्षा के प्रति लगनशील व्यक्ति है। चट्टी में 8 वर्ष एवं बीटीपी में 7 वर्षों तक उन्होंने सेवा दी। इनका साथ हमेशा शिक्षकों को याद रहेगा। इनकी सेवा विवाद रहित रहा। मौके पर प्राचार्य अजय तिर्की, रामप्रवेश गुप्ता, नेहा कुजुर, चंचल कुमारी, ललिता कुजुर, सुनीता एडिट, आनंद ठाकुर भी थे।

### कला दल ने किया जागरूकता कार्यक्रम



**लोहरदगा।** जिले सूचीबद्ध कला दल वनांचल कला केंद्र, अरकोसा ने सोमवार को भंडरा प्रखंड के अखिलेश्वर धाम परिसर में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और जनजागरूकता से संबंधित प्रचार-प्रसार मेला प्रदर्शनी से किया। इसमें राज्य सरकारी योजनाओं के अलावे वज्रपात, सर्पदंश से बचाव, हाथी से बचाव के तरीकों को बताया गया।

### अखंड हरिकीर्तन से वातावरण भक्तिमय



**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय बाजार टांड़ स्थित देवी मंडप प्रांगण में सोमवार सुबह से 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन किया गया है। कीर्तन के पूर्व आचार्य कौशल त्रिपाठी ने सभी यजमानों के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे के महामंत्रों के साथ संकल्प लेकर कीर्तन प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रामपवित्र सोनी, गंगा साहू, शरत विद्यार्थी, विशेश्वर प्रसाद दिन, मुरारी सोनी, संजय गुप्ता थे।

### बाइक की चपेट में आने से बालक गंभीर

**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के भड़गांव बाजार के समीप एनएच 143 ए लोहरदगा-गुमला मुख्य पथ पर पल्सर बाइक की चपेट में आने से पांच वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों एवं परिजनों की मदद से उसे गौतम नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। घायल की पहचान भड़गांव के फिरोज अंसारी के पुत्र अलीवक्स के रूप में की गयी। सूचना पर थाना प्रभारी अभिनव कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच बाइक को जब्त कर कार्रवाई कर रहे हैं।

### आज उपायुक्त से मिलेंगे किसान प्रतिनिधि

**गुमला।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा गुमला का प्रतिनिधिमंडल किसानों की समस्याओं को लेकर मंगलवार को उपायुक्त से मुलाकात करेगी और किसानों की समस्याओं से उन्हें अवगत करायेंगे। विदित हो कि किसान हित के नाम पर जिले में अरबों रुपये सालाना खर्च होने के बावजूद सिंचाई का साधन जिले के किसानों की जमीन में ठीक ढंग से 10 प्रतिशत भी नहीं हो पाती है। इस तरह की स्थिति किसान हित की योजनाओं में मची लूट व भ्रष्टाचार के कारण है।

### नवनियुक्त लिपिकों से मिले उपायुक्त



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिले में नव नियुक्त लिपिकों से मुलाकात की एवं लिपिकों को उनके दायित्व के प्रति सदैव निष्ठा की भावना रखने की सलाह दी। ज्ञात हो कि जिले में नव नियुक्त लिपिकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला स्तर पर 13 जुलाई 2023 से शुरू हुआ था। जिसका समापन सोमवार को किया गया। उपायुक्त ने सभी लिपिकों से मुलाकात की। इस दौरान अपर समाहर्ता, जिला स्थापना उप समाहर्ता एवं प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी कार्यालय में लिपिकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है जो संचिका एवं महत्वपूर्ण दस्तावेजों का लेखन करते हैं एवं अधिकारियों को नियमित कार्यों से भी अवगत करवाने का कार्य करते हैं।

# एटीएस की कार्रवाई में अमन साहू गिरोह का सक्रिय शूटर गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ एटीएस की कार्रवाई लगातार जारी है। सोमवार को एटीएस और चाईबासा पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अमन साहू गिरोह के सक्रिय सदस्य (शूटर) दिगंबर प्रजापति उर्फ डेंगू को गिरफ्तार किया है। दिगंबर प्रजापति मूल रूप से रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र के जयनगर कुम्हार टोली का रहने वाला है। उसके पास से एक मोबाईल फोन बरामद किया गया है। डीएसपी नीरज कुमार और दारोगा सोनू साव को गोली मारने के मामले में दिगंबर प्रजापति नामजद और वांछित अभियुक्त था।



**अमन साहू के इशारे पर मांगता था रंगदारी :** गिरफ्तार अपराधी दिगंबर अमन साहू के इशारे पर कारोबारियों से लेवी मांगता था, नहीं देने पर उनपर गोली चलाने का काम करता था। दिगंबर के खिलाफ बासल थाना, पतरातू, बड़कागांव और रामगढ़ थाने में कुल छह मामले दर्ज हैं। गौरतलब हो कि इन दिनों झारखंड एटीएस विभिन्न अपराधी गिरोहों के फंडिंग, आर्थिक स्त्रोतों, अपराध से अर्जित किए हुए संपत्ति का पता लगा रही है। साथ ही इन गिरोहों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई भी एटीएस के द्वारा की जा रही है।

### गुप्त सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई

अमन साहू गिरोह के सक्रिय सदस्य दिगंबर प्रजापति की गिरफ्तारी एक गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। गिरफ्तार अपराधी के पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। उल्लेखनीय है कि एटीएस थाना कांड संख्या 7/2023, तारीख 18 जुलाई, धारा 353, 332, 333, 307 और 120 बी एवं 27 आर्म्स एक्ट एवं 16/ 17/ 20 यूएपी एक्ट में दिगंबर प्रजापति नामजद तथा वांछित आरोपी था।

# जर्जर हॉस्टल भवन को ध्वस्त कर नये भवन का निर्माण होगा : डीसी




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को जेल रोड स्थित राजकीय पिछड़ी जाति बालिका+2 आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान निदेशक आईटीडीए सुधीर बाड़ा, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने स्कूल परिसर में संचालित दोनों बालिका छात्रावास प्रगति और प्रेरणा का निरीक्षण किया। प्रगति छात्रावास के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने प्रगति छात्रावास भवन की आवश्यक मरम्मत कराने का निर्देश निदेशक आईटीडीए को दिया, जबकि प्रेरणा छात्रावास की जर्जर स्थिति को देखते हुए भवन को ध्वस्त कर पुनर्निर्माण कराने को कहा।

स्कूल के प्रशासनिक भवन के समक्ष जर्जर हो चुके निर्माण को भी उपायुक्त ने ध्वस्त कर नए निर्माण का निर्देश दिया ताकि प्रशासनिक कार्य के लिए और जगह उपलब्ध हो सके। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने हॉस्टल के पीछे बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य को भी पूरा कराने का भी निर्देश दिया।

## तिरंगे के साथ छेड़छाड़ के मामले में केस दर्ज

**रांची।** रांची में तिरंगे के साथ छेड़छाड़ करने वाले मामले में केस दर्ज किया गया है। मोहर्रम जुलूस में प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट राणा बड़ाइक ने डेली मार्केट थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। आईपीसी की धारा 147, 153(ए), 153(बी), 120(बी), 2 और राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ है। इसके बाद पुलिस सभी अखाड़ा संचालक को नोटिस जारी करेगी और पूछताछ के लिए बुलायेगी। वहीं पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लोगों को चिन्हित करने का प्रयास कर रही है।

वायरल वीडियो में देखा गया कि मुहर्रम जुलूस के दौरान राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगे) के साथ छेड़छाड़ की गयी। राष्ट्रीय ध्वज का रंग तो वही था। लेकिन तिरंगे के बीच से अशोक चक्र को हटाकर वहां कुछ और लिखा हुआ था। लोगों ने जब तिरंगे में बदलाव देखा, तो उसका वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

# कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए इसीएल ने तीन नये प्रोजेक्टस पर शुरू किया काम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोल इंडिया के निर्देश पर ईसीएल अपना कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए तीन नये प्रोजेक्टस पर काम करना शुरू कर दिया है। इसके तहत ईसीएल अपने अनुषंगी क्षेत्र गोड्डा, धनबाद और देवघर में कोल माइंस के तीन नये प्रोजेक्ट्स पर सर्वे भूमी अधिग्रहण का काम शुरू कर चुकी है। नये प्रोजेक्ट के लिए गोड्डा में राजमहल, धनबाद में मुगमा और देवघर जिले के चित्रा कोल माइंस में काम किया जाना है।



ईसीएल ने इसके लिए सीएमपीडीआईएल के साथ सर्वे और प्लानिंग की टीम को विशेष रूप से लगाया है। जिससे समय पर काम जल्दी से पूरा किया जा सके। टीम लगातार क्षेत्र का दौरा कर रही है। वहीं, राजमहल में इसके लिये सत्यापन भी पूरा कर लिया गया है।

ईसीएल अधिकारियों की मानें तो कोल माइंस के लिये 36 परिवारों के वंशावली का सत्यापन कार्य पूरा कर लिया गया है। वहीं राजमहल प्रोजेक्ट के लिए लगभग 320 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। जमीन के बदले लोगों को जमीन और नौकरी के लिये नियामवली भी तय कर ली गयी है। इसके तहत जिन लोगों की दो एकड़ जमीन होगी, उन्हें जमीन के बदले आरएनआर पॉलिसी के तहत जमीन का मूल्य व नौकरी दी जायेगी। जिनकी जमीन दो एकड़ से कम होगी उन्हें जमीन के बदले तय राशि दी जायेगी।

मालूम हो कि कोल इंडिया की ओर से कोल कंपनियों को खनन बढ़ाने का आदेश दिया गया है। ईसीएल इन तीन प्रोजेक्ट्स पर खनन बढ़ाने के लिये काम करेगी। इसके तहत राजमहल और मुगता में लगभग नौ साल के लिये खनन किया जायेगा। इन क्षेत्रों से कंपनी को लगभग 160 मिलियन टन कोयला खनन का लक्ष्य है। ऐसे में क्षेत्र का सर्वे कर भूमि अधिग्रहण पर बल दिया जा रहा है। कंपनी को लक्ष्य प्राप्ति के लिये अतिरिक्त कोल मांइस की जरूरत है। आने वाले समय में कोल कंपनियों की ओर से खनन विस्तारिकरण पर भी काम किया जायेगा। नये प्रोजेक्टस शुरू होने से आनेवाले समय में ईसीएल का 10 से 15 मिलियन टन तक कोयला उत्पादन बढ़ेगा।

## 7 अधिसूचित जिले में एससी, एसटी और ईडब्ल्यूएस का आरक्षण, तो ओबीसी का आरक्षण क्यों नहीं : राजेश गुप्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/दिल्ली।** दिल्ली के एनडी तिवारी कॉन्फ्रेंस हॉल में सोमवार को सोशल रिवॉल्यूशनरी अलायंस के तत्वावधान में राष्ट्रीय सामाजिक न्याय सम्मेलन में 10 महत्वपूर्ण एजेंडे पर न्यायमूर्ति वी इश्वर्या पूर्व मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय आंध्र प्रदेश व पूर्व अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग एवं न्यायमूर्ति वीरेंद्र सिंह यादव पूर्व न्यायाधीश उच्च न्यायालय इलाहाबाद के नेतृत्व में देशभर के ओबीसी संगठनों का महा जुटान हुआ। इस सम्मेलन में



झारखंड की ओर से राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रतिनिधित्व किया। अपने प्रतिनिधि भाषण में झारखंड प्रदेश में ओबीसी के साथ हो रहे अन्याय की चर्चा की और बताया कि 7 अधिसूचित जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ईडब्ल्यूएस को आरक्षण मिल रहे हैं। परंतु ओबीसी को आरक्षण नहीं दी जा रही है तथा राज्य में झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की अनुशंसा 50% आरक्षण देने की प्रस्ताव को महामहिम राज्यपाल के पास भेजे जाने के लिए सरकार से पहल करने को कहा।

मौके पर सोशल रिवॉल्यूशनरी अलायंस द्वारा आयोजित सामाजिक न्याय सम्मेलन के 10 सूत्री एजेंडे पर दो सत्रों में चर्चा की गई। प्रथम सत्र में देशभर से आए हुए ओबीसी संगठनों के प्रतिनिधि ने भाग लिया वहीं द्वितीय सत्र में प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। भारतीय जनता पार्टी की ओर से राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल, बिहार के भाजपा एमएलए ललन पासवान कांग्रेस के कांग्रेस ओबीसी सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय यादव, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुभाषिनी यादव, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी एवं सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में प्रो हंसराज सुमन, डॉ सूरज मंडल, डॉ रतनलाल, डॉ अनिल जय हिंद, रोहिणी साहू, धर्मेंद्र कुशवाहा, जेपी कश्यप, डॉ प्रकाश कुमार, लोकेंद्र गुर्जर, मनोज यादव यूपी सहित कई लोगों ने अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो अवधेश शाह ने किया।

## झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संघ ने दिया धरना



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संघ ने सोमवार को विधान सभा के पास धरना दिया। इनकी मांग है कि पारा शिक्षकों की तर्ज पर स्थायी सेवा शर्त नियम बने, मानदेय मिले, पांच लाख का बीमा हो, साल मे दो साड़ी दी जाए एवं सेवा निर्वित के बाद पेंशन दिया जाए। इसके अलावे विद्यालय में खाना खाने के लिए चावल का आवंटन किया जाए। इन्हीं मांगों को लेकर झारखण्ड विधान सभा कूटे मैदान में धरना दिया गया। धरना को नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष अजित प्रजापति, अनिता देवी केसरी एवं प्रेमनाथ विश्वकर्मा ने किया।

## मलमास की दूसरी सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मलमास की दूसरी सोमवारी पर पहाड़ी मंदिर में बाबा भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए शिव भक्तों का सुबह से ही तांता लगा रहा। बाबा भोलेनाथ की जयघोष बोल बम से पूरा शिवालय गुंजायमान रहा। मलमास के महत्व पर प्रकाश ड़ालते हुए पंडित आर्चाय अजय कुमार मिश्र ने बताया कि हिन्दू धर्म की मान्यतानुसार यह महीना पूर्ण रूप से ईश्वर की भक्ति के लिए समर्पित माना जाता है लेकिन शादी विवाह जैसे शुभ कार्य इस महीने में नहीं किये जाते हैं। हिन्दू पंचांग के अनुसार मलमास प्रत्येक तीन वर्ष में एक बार आता है। मलमास को पुरुषोत्तम मास के नाम से भी पुकारा जाता है।



**मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण शाखा ने किया दूध एवं बेलपत्र का वितरण :** मारवाड़ी युवा मंच राँची समर्पण शाखा ने पहाड़ी मंदिर में भोले बाबा के भक्तों के बीच दूध एवं बेलपत्र का वितरण किया। राधा ड्रोलिया एवं डोली बंसल के सहयोग से इसका वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जन सेवा प्रभारी शुभा अग्रवाल संयोजिका कविता सोमानमी, कविता जालान, प्रीति अग्रवाल, मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने सहयोग किया।

**राज्यसभा में सांसद आदित्य साहू ने उठाया था सवाल**

## झारखंड के 19 आकांक्षी जिलों में खर्च हुए ₹2003 करोड़ : राव इंद्रजीत सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** योजना मंत्रालय के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि वर्ष 2018 से शुरू किया गया आकांक्षी जिला कार्यक्रम में देश भर के 112 जिले शामिल हैं। जिसमें झारखंड के 19 जिले हैं। दरअसल, सांसद आदित्य साहू ने राज्यसभा में आकांक्षी जिलों में किये जा रहे विशेष कार्यक्रमों के बारे में सवाल पूछा था। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत 5 क्षेत्रों स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास, कृषि और जल संसाधन तथा बुनियादी ढांचे में तेजी से परिवर्तन लाने के लिये प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रगति रिपोर्ट में सिमडेगा अव्वल, दूसरे स्थान पर रांची है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह जिलों का आकलन उनकी प्रगति के आधार पर किया जाता है। जिसमें समग्र रूप से अच्छा प्रदर्शन करने वाले जिलों की पहचान की जाती है।

इसके अतिरिक्त 5 क्षेत्रों में से प्रत्येक में पहले स्थान पर आनेवाले प्रत्येक जिला को 3करोड़ रूपए की राशि से सम्मानित किया जाता है। उन्होंने बताया कि इन राशियों का उपयोग करके झारखंड के जिलों में उनकी महत्वपूर्ण कमियों को दूर करने केलिए विकास कार्य शुरू किया गया है।

# यूजी नीट 2023 की झारखंड टॉपर छात्रा राखी ने एम्स दिल्ली में बनायी जगह

- बायोम इंस्टीट्यूट के ज्यादातर विद्यार्थियों ने मेडिकल काउंसेलिंग कमेटी के पहले चरण की काउंसेलिंग में सरकारी मेडिकल कॉलेज में बनायी जगह
- एमबीबीएस कोर्स के लिए विभिन्न एम्स में छात्र-छात्राओं का हुआ चयन



राखी कुमारी एम्स, दिल्ली | माहिया एम्स, ऋषिकेश | अदित्या एम्स, पटना | अभय एम्स, कल्यानी | ज्योतिरमोय एम्स, कल्यानी | हिमांशु एम्स, कल्यानी | प्रिया बीएचयू, वाराणसी | श्रेया लेडी हार्डिंग | अमरेंद्र पीएमसीएच, पटना | तंजील एम्स, देवघर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बायोम इंस्टीट्यूट रांची के विद्यार्थियों ने मेडिकल काउसेंलिंग के जरिये देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज में अपनी जगह बनायी है. पहले चरण की काउंसेलिंग में ही विद्यार्थियों ने विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस कोर्स में नामांकन हासिल कर लिया है. यूजी नीट 2023 में झारखंड टॉपर छात्रा राखी कुमारी ने एम्स दिल्ली में अपनी जगह बनायी है. राखी को यूजी नीट के 720 अंक की परीक्षा में 705 अंक हासिल हुए थे. जिससे राखी को ऑल इंडिया रैंक 149 और कैटेगरी रैंक 26 हासिल हुआ था. अन्य सफल छात्र-छात्राओं में शामिल माहिया महेश्वरी ने एम्स ऋषिकेश, आदित्य अस्थाना ने एम्स पटना, प्रिया घोष ने बीएचयू वाराणसी, अभय कुमार, हिमांशु रंजन व ज्योतिरमोय ने एम्स कल्यानी, श्रेया राज ने लेडी हार्डिंग, तंजील ने एम्स देवघर, अमरेंद्र कुमार ने पीएमसीएच पटना में एमबीबीएस कोर्स के लिए चिह्नित हुए है. इसके अलावा संस्था के अन्य विद्यार्थियों को देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज में जगह मिली है.

विद्यार्थियों की सफलता पर बायोम इंस्टीट्यूट के एमडी सह निदेशक पंकज सिंह ने शुभकामनाएं दी है. उन्होंने कहा कि प्रवेश परीक्षा में विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंक हासिल किया था. इससे पहले चरण की काउंसेलिंग में ही देश के प्रमुख एम्स संस्थान व अन्य मेडिकल कॉलेज में चुने गये हैं. संस्था से सफल हुए 900 से अधिक विद्यार्थी काउंसेलिंग प्रक्रिया में शामिल हो रहे हैं. विद्यार्थियों को लगातार काउंसेलिंग प्रक्रिया में सहयोग किया जा रहा है, ताकि अंक के आधार पर बेहतर मेडिकल कॉलेज मिल सके. वहीं, सफल हुए विद्यार्थियों में से 178 ऐसे विद्यार्थी है, जिन्हें आने वाले दिनों में सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला मिलेगा.

संस्था विद्यार्थियों को यूजी नीट प्रवेश परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मार्गदर्शन देने का काम कर रही है. विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल देने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही हैं. इसके लिए उच्च स्तरीय स्टडी मटेरियल उपलब्ध कराया जा रहा है. वहीं, समय-समय पर विद्यार्थियों का मूल्यांकन हो इसके लिए नियमित रूप से क्लासरूम टेस्ट सीरीज और ऑल इंडिया लेवल टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाता है।

## लीसेस्टरशायर के साथ काउंटी में नहीं खेलेंगे रहाणे, नाम लिया वापस



एजेंसी

**लंदन।** भारतीय बल्लेबाज अजिंक्या रहाणे पहले की योजना के अनुसार इंग्लिश काउंटी टीम लीसेस्टरशायर में शामिल नहीं होंगे। क्लब ने कहा कि वह व्यस्त अंतरराष्ट्रीय व्यस्तताओं के बाद क्रिकेट से ब्रेक लेना चाहते हैं।

35 वर्षीय रहाणे को जून में काउंटी क्लब में शामिल होना था, लेकिन बढ़ती अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण उनके आगमन को आगे बढ़ा दिया गया। इस महीने भारत के वेस्टइंडीज के टेस्ट दौरे पर जाने से पहले, वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) के बाद सीधे इंग्लैंड चले गए।

क्लब ने कहा कि उन व्यस्तताओं को पहले उनके कार्यक्रम में शामिल नहीं किया गया था, रहाणे ने अब अगस्त और सितंबर के दौरान क्रिकेट से ब्रेक लेने की इच्छा व्यक्त की है, जिसका अर्थ है कि वह योजना के अनुसार लीसेस्टरशायर के लिए नहीं खेलेंगे।

क्रिकेट के निदेशक क्लाउड हेंडरसन ने क्लब द्वारा जारी एक बयान में कहा, सबसे पहले, हम अजिंक्या की स्थिति को पूरी तरह से समझ रहे हैं। उन्होंने हाल के महीनों में व्यस्त कार्यक्रम का अनुभव किया है, हम अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताने की उनकी इच्छाओं को स्वीकार करते हैं।

हेंडरसन ने कहा, शुक्र है, हमने इस तरह की स्थिति के लिए योजना बनाई थी, और हमें खुशी है कि पीटर टीम के साथ रह रहे हैं।

# भारत-इंडीज में निर्णायक भिड़ंत आज

## वनडे सीरीज में अब तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच वनडे सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला मंगलवार (1 अगस्त) को त्रिनिदाद में खेला जायेगा। दोनों टीमों के बीच यह मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे शुरू होगा। दोनों ही टीमें फिलहाल सीरीज में 1-1 बराबरी पर हैं। पहले मैच में शानदार जीत हासिल करने वाली टीम इंडिया को दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज के हाथों 6 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी। अब दोनों ही टीमें तीसरे वनडे में जीत दर्ज कर सीरीज अपने नाम करना चाहेगी। ऐसे में यह मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है।

**दूसरे वनडे में मिली थी हार:** गौरतलब है कि भारत और वेस्टइंडीज के बीच दूसरे वनडे मुकाबले में रोहित शर्मा और विराट कोहली की गैरमौजूदगी में हार्दिक पांड्या ने टीम की कमान संभाली थी। इन दो सीनियर खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी की वजह से टीम इंडिया 40.5 ओवर में 181 रन पर ही



ऑलआउट हो गयी। इसके जवाब में कैरिबियाई टीम ने 36.4 ओवर में चार विकेट खोकर 182 रन बना लिये और 6 विकेट से मैच अपने नाम किया। इस जीत के साथ विंडीज टीम ने सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। अब दोनों टीमों की नजरें तीसरे वनडे में जीत हासिल कर सीरीज पर कब्जा करने पर होगी।

**प्रयोग सफल रहने की उम्मीद :** भारत को उम्मीद है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और निर्णायक वनडे मैच में मध्यक्रम में संजू सैमसन और सूर्यकुमार यादव को आजमाने का उसका प्रयोग सफल साबित होगा। वेस्टइंडीज से 2006 के बाद से एक भी वनडे सीरीज नहीं हारी भारतीय टीम ने बारबडोस में दूसरे वनडे में हार का सामना किया जिसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली को आराम दिया गया था। 6 विकेट से मिली हार के बाद कोच राहुल द्रविड़ ने कहा था कि भारतीय टीम अगले महीने होने वाले एशिया कप और फिर विश्व कप के मद्देनजर वृहत तस्वीर देख रही है। जिसमें देखना है कि अहम मुकाबलों में युवा खिलाड़ी कितना प्रभाव छोड़ पाते हैं।

**संभावित टीमें -भारत :** शुभमन गिल, रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन, हार्दिक पंड्या, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा, मुकेश कुमार, उमरान मलिक।
**वेस्टइंडीज :** काइल मेयर्स, ब्रैंडन किंग, अथानाज, शाई होप (कप्तान), हेटमायर, रोवमैन पॉवेल, रोमारी शेफर्ड, डोमिनिक ड्रेक्स, वाई कैरिया, गुडाकेश मोती, जेडेन सील्स।

### मौसम

औसत अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस है। खेल सुबह 9:30 बजे (स्थानीय समय) शुरू होगा और आसमान में आंशिक रूप से बादल छाये रहने की उम्मीद है।

### पिच रिपोर्ट

तीसरा मैच ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में खेला जायेगा। कैरेबियन में पिचें बल्लेबाजों के लिए अनुकूल नहीं हैं और ब्रायन लारा स्टेडियम में आगामी मैच भी अलग नहीं होने की उम्मीद है। इस स्थान पर पिछले महिला वनडे रिकॉर्ड को ध्यान में रखते हुए तीन मैचों में से एक भी मैच 200 रन का आंकड़ा पार करने में कामयाब नहीं हुआ। धीमी और नीची होने की आशंका के कारण पिच स्पिनरों को काफी सहायता प्रदान करेगी जो टर्निंग परिस्थितियों का फायदा उठा सकते हैं और उछाल की कमी से लाभ उठा सकते हैं।

### एक नजर में

## बिस्ला और अवनीत बने कंपाउंड चैंपियन, भारतीय तीरंदाजों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**चेंगडू।** संगमप्रीत सिंह बिस्ला और अवनीत कौर 31वें विश्व विश्वविद्यालय खेलों में सोमवार को यहां कंपाउंड तीरंदाजी चैंपियन बने, जिससे भारत ने इस खेल में तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक जीतकर अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारत कुल मिलाकर नौ स्वर्ण, तीन रजत और पांच कांस्य पदक लेकर पदक तालिका में चौथे स्थान पर बना हुआ है। चीन 17 स्वर्ण लेकर शीर्ष पर काबिज है। उसके बाद दक्षिण कोरिया और जापान का नंबर आता है। इन दोनों ने समान 10-10 स्वर्ण पदक जीते हैं।

## मोरक्को के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में दिग्विजय भारतीय टीम में

**नयी दिल्ली।** दिग्विजय प्रताप सिंह को मोरक्को के खिलाफ लखनऊ में होने वाले डेविस कप टेनिस विश्व ग्रुप दो के मुकाबले के लिये भारत की छह सदस्यीय टीम में चुना गया है। लखनऊ में 16 और 17 सितंबर को होने वाले मुकाबले के लिये भारतीय टीम में सुमित नागल, शशिकुमार मुकुंद, युकी भांबरी, रामकुमार रामनाथन और रोहन बोपन्ना को भी चुना गया है।

## मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क ने जीता मेजर लीग क्रिकेट टी20 टूनार्मेंट

**नयी दिल्ली।** निकोलस पूरन के आक्रामक शतक की मदद से मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क ने टैक्सास के डलास में सिएटल ओर्कास को सात विकेट से हराकर पहला मेजर क्रिकेट लीग टी20 टूनार्मेंट जीत लिया है। ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम पर रविवार को खेले गए फाइनल में सिएटल ओर्कास ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 183 रन बनाये। जवाब में मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क ने 16 ओवर में तीन विकेट गंवाकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

## डबल्स बैडमिंटन टूनार्मेंट में कैप्टन राजीव चौहान और नंदलाल की जोड़ी बनी विजेता

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद ड्रीम फाउंडेशन द्वारा आयोजित डबल्स बैडमिंटन टूनार्मेंट का सोमवार को समापन हुआ। इसमें जनपद मुरादाबाद ग्रुप के 20 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। कैप्टन राजीव चौहान और नंदलाल राणा की जोड़ी ने डा. सचिन शुक्ला और सौरभ अग्रवाल की जोड़ी को फाइनल मैच में 31-24 से पराजित कर विजेता बने। डा. सचिन शुक्ला एवं सौरभ अग्रवाल की जोड़ी उपविजेता रहे। नरेंद्र चौधरी एवं हरिओम सैनी की जोड़ी रनर अप रहे प्रतियोगिता में एमपी सिंह, रणवीर सिंह, श्याम यादव, आकाश मिश्रा, मनीष राजन, शैलेश रावत, विमल सिंह, हर्षवर्धन, जसवीर सिंह, अभिषेक, लक्ष्य, आयुष, आर्यन, रितिक अन्य खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुरादाबाद ड्रीम फाउंडेशन के अध्यक्ष शिवेंद्र जैन, अशोक भूटानी एवं राजेश अरोरा सहित अन्य सम्मानित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## क्रिकेट : सीएसडी सहारा और कल्पना स्पोर्ट्स पहुंचे फाइनल में

**लखनऊ।** अंडर-16 एल.एन. मिश्रा क्रिकेट टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में सीएसडी सहारा क्रिकेट एकेडमी ने इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब को 55 रन से हरा दिया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में कल्पना स्पोर्ट्स फाउंडेशन में 10 रन से जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। कल्पना स्पोर्ट्स फाउंडेशन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 120 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज सम्यक त्रिवेदी मात्र एक रन बनाकर आउट हो गए। हर्षित तिवारी ने सात चौका और एक छक्का की मदद से 68 रन बनाए। द्रव्य कुमार ने मात्र पांच रन बनाया। सौरभ पटेल ने 16 रन बनाया। अभय राज सिंह ने नौ रन का योगदान दिया। द क्रिएटर्स क्लब की टीम 110 रन बना सकी और 10 रन से मैच हार गयी। द क्रिएटर्स के बल्लेबाज अर्पित कुमार ने सर्वाधिक 42 रन बनाए।

दूसरे सेमीफाइनल मैच में सीएसडी सहारा क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 123 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज मो. अरमान ने सर्वाधिक 27 रन का योगदान दिया। वहीं आशुतोष यादव ने 23 रन बनाए, जबकि अंकित यादव ने 15 रन का योगदान दिया। वहीं इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब की टीम मात्र 68 रन ही बना सकी और सीएसडी सहारा क्रिकेट एकेडमी ने मैच को 55 रन से जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

# फीफा महिला विश्व कप : स्पेन को हराकर ग्रुप-सी के शीर्ष पर जापान



एजेंसी

**वेलिंगटन।** जापान ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के एकतरफा मुकाबले में सोमवार को स्पेन को 4-0 से हराकर ग्रुप-सी में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। वेलिंगटन रीजनल स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में हिनाटा मियाजावा (12वां, 40वां मिनट) ने विजेता टीम के दो गोल किए, जबकि रिको युकी (29वां मिनट) और मिना तनाका (82वां मिनट) ने एक-एक गोल जमाया। जापान को टूनार्मेंट में लगातार तीसरी जीत दिलाने वाली मियाजावा ने 12वें मिनट में स्पेन की बैकलाइन में जगह बनाई और जुन एंडो के पास की मदद से गोल दागकर अपनी टीम का खाता खोला। यूकी ने स्पेन की सेंटर-बैक इरेने परेडेस को छकाकर 29वें मिनट में यह बढ़त दोगुनी कर दी। पहले हाफ में स्पेन ने 77 प्रतिशत समय तक गेंद पर कब्जा रखा लेकिन यूरोपीय टीम एक बार भी गोल करने का मौका नहीं बना सकी।

पहला हाफ खत्म होने से पहले मियाजावा ने यूकी से पास लेकर जापान का तीसरा गोल कर दिया। जापान ने 3-0 की बढ़त लेने के बाद मुकाबले में सहजता दिखाई और स्पेन को अपने अर्द्ध में पहुंचने के कम मौके दिये। तनाका ने 82वें मिनट में गोल दागकर जापान की विशाल जीत पर मुहर लगा दी। जापान ने पहले चरण में बिना कोई गोल दिये अपने सभी मुकाबले जीते हैं। सुपर-16 में जापान का सामना नॉर्वे से, जबकि स्पेन का मुकाबला स्विट्जरलैंड से होगा।

दिन के दूसरे ग्रुप-सी मुकाबले में जाम्बिया ने कॉस्टा रिका को 2-1 से हराकर टूनार्मेंट का विजयी अंत किया। जाम्बिया की पहली विश्व कप जीत में लुशोमो म्विंबा (तीसरा मिनट), बारबरा बांडा (31वां मिनट) और रेचल कुंदानंजी (90+3वां मिनट) ने गोल किए। डैफनी मोंगे (47वां मिनट) के गोल के बावजूद कॉस्टा रिका इस टूनार्मेंट में जीत का स्वाद नहीं चख सकी।

## आयरलैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान बुमराह को मिली कप्तानी

**नयी दिल्ली।** आयरलैंड के खिलाफ अगले महीने खेले जाने वाली 3 मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो गया है। इस सीरीज में जसप्रीत बुमराह की वापसी हुई है। इतना ही नहीं जसप्रीत बुमराह को टीम की कमान भी सौंपी गयी है। लंबी बीमारी के बाद स्वस्थ हो कर वह मैदान पर उतर चुके हैं।

वहीं ऋतुराज गायकवाड़ को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। आयरलैंड दौरे पर टीम इंडिया के युवा खिलाड़ी खेलते नजर आएंग। वहीं कई खिलाड़ी पहली बार टीम इंडिया के लिए खेलते नजर आएंग। आईपीएल में अपनी खेल से सबका दिल जीतने वाले रिंकू सिंह को भी उनके शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला ह। वहीं जितेश शर्मा को भी आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया में शामिल किया गया ह। इसके अलावा चोट से उभर रहे तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की भी टीम में वापसी हुई है। लंबे वक्त के बाद शिवम दुबे को भी टीम इंडिया में मौका मिला है।


## स्पेन ने उरुग्वे को हराकर जीता विश्व रग्बी अंडर-20 का खिताब

**नैरोबी।** स्पेन ने रविवार को उरुग्वे को 39-32 से हराकर विश्व रग्बी अंडर-20 का खिताब जीत लिया है। इस खिताबी जीत के साथ ही यूरोपीय टीम 2024 में पहली बार शीर्ष स्तरीय विश्व रग्बी अंडर-20 चैम्पियनशिप में खेलेगी।

दोनों टीमों ने रोमांचक रग्बी खेली और न्यायो नेशनल स्टेडियम में बड़ी संख्या में मौजूद दर्शकों को शानदार 10-प्रयासों का मैच देखने को मिला। अंत में एक तरफ स्पेन के लिए, खुशी थी लेकिन दूसरी तरफ उरुग्वे के लिए, (2008 में खिताब जीतने के बाद) दूसरे खिताब से चूकने का दुख सभी के सामने था।

फाइनल मुकाबले में स्पेन की शुरूआत खराब रही जब पाब्लो पेरेज मेरोनो को गेंद के बिना एक खिलाड़ी से दो बार भिड़ने के लिए केवल 45 सेकंड के बाद सिन बिन में भेज दिया गया।

उरुग्वे ने तुरंत इसका फायदा उठाया। उरुग्वे की ओर से फुल-बैक जुआन कार्लोस कैनेसा ने परिणामी पेनल्टी पर किक मारी और अंक हासिल किये, इसके बाद




उरुग्वे की टीम ने फ्रांसिस्को डेफेमिनिस के प्रयास से एक और अंक हासिल किया।

उरुग्वे ने किक रिटर्न से फिर से गोल करके 14 खिलाड़ियों के साथ खेल रही स्पेनिस टीम के खिलाफ 15 अंकों की बढ़त बना ली।

हालाँकि, इसके बाद बोरजा इबनेज एस्केलेरा के अच्छे प्रयास के बाद स्पेन ने मैदान पर 15 खिलाड़ियों के साथ वापसी की। स्पेन ने इसके बाद पेनल्टी पर अंक हासिल किये और पहली बार खेल में 31-27 से बढ़त हासिल कर ली।

स्पेनिश टीम ने इसके बाद फिर से पेनल्टी अंक हासिल कर 34-27 से बढ़त हासिल कर ली, लेकिन उरुग्वे ने अपने पांचवें प्रयास में स्कोर को 34-32 पर वापस ला दिया। इसके बाद स्पेन ने पांच अंक हासिल कर खिताबी जीत हासिल की।

## बिहार की खबरें

## जाली नोट का तस्कर और एक लाख इनामी असलम उर्फ गुलटेन रक्सौल से गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** पुलिस ने बड़ी कारवाई करते हुए जाली नोट का तस्कर,ठक्अ के वांटेड व 1 लाख रुपए का इनामी असलम अंसारी उर्फ गुलटेन को गिरफ्तार किया है। नेपाल के परसा जिला के इनरवा गांव निवासी गुलटेन की तलाश 2019 से ही की जा रही थी। ठक्अ की जांच में उसके संबंध पाकिस्तान, दुबई, मलेशिया व बांग्लादेश के जाली नोट के धंधेबाजो से होने का खुलासा होने के बाद उसकी तलाश काफी तेजी से की जा रही थी। असलम अंसारी को जाली नोट के मामले में पहली बार साल 2019 में गिरफ्तार किया गया था लेकिन जमानत मिलने के बाद वह अंडरग्राउंड होकर पाकिस्तान दुबई बांग्लादेश व मलेशिया से नेपाल के रास्ते भारतीय करेंसी का जाली नोट लाकर खपाने का काम कर रहा था। सोमवार को मोतिहारी एसपी कांतेश मिश्रा ने इसकी गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि असलम उर्फ गुलटेन का नेपाल सीमा क्षेत्र में फिर से सक्रिय होने की सूचना मिली,जिसके बाद एएसपी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर उसे रक्सौल के समीप से गिरफ्तार किया गया है।

## हत्या के मामले में चार अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा

**भागलपुर।** जिले के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के साहिबगंज बिंद टोली चौक पर बीते 6 फरवरी 2007 को क्रांति यादव और संजय यादव हत्याकांड मामले में सोमवार को एडिशनल डिस्ट्रिक्ट सेशन जज रंजीता कुमारी ने चार अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सजा पाने वाले अभियुक्तों में चितरंजन यादव, शंकर यादव, सुमन यादव और मुनेश्वर यादव शामिल हैं। दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। 6 फरवरी 2007 को क्रांति यादव बिंद टोली से अपना नवनिर्मित मकान देखकर लौट रहा था। इसी क्रम में उक्त चारों लोगों के साथ-साथ कई अन्य लोगों के द्वारा क्रांति यादव की पिटाई की जाने लगी। जिस पर संजय यादव आकर बीच-बचाव करने लगा। इसी क्रम में चारों लोगों के द्वारा देशी कट्टा से गोली चलाना शुरू कर दिया। जिसमें क्रांति यादव और संजय यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं गवाहों के बयान के बाद आज कोर्ट के द्वारा चारों अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

## पीजी में नामांकन नहीं हुआ तो आइसा करेगा आंदोलन

**भागलपुर।** तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के संयोजक प्रवीण कुशवाहा के नेतृत्व में पीजी में नामांकन से वंचित छात्रों ने सोमवार को डीएसडब्ल्यू, प्रॉक्टर और प्रति कुलपति से वार्ता की। वार्ता में सभी अधिकारियों ने इस पर विचार कर बताने का आश्वासन दिया। छात्र संगठन आइसा के नेताओं ने कहा कि अगर पीजी में छात्रों का नामांकन नहीं हुआ तो छात्र संगठन आइसा आंदोलन करने को विवश हो जाएगा। आइसा के विश्वविद्यालय सह संयोजक प्रशांत कुमार सिंह और हेमंत कुशवाहा और आइसा के टीएनबी कॉलेज अध्यक्ष सिंटू कुशवाहा ने कहा कि पीजी में खाली सीट होते हुए भी नामांकन नहीं लिया जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन को इस पर गंभीर होते हुए छात्रों के भविष्य देखते हुए, पीजी में नामांकन से वंचित छात्रों का नामांकन लेने की गारंटी करें। ताकि छात्रों का एक वर्ष बर्बाद होने से बच जाए।

# मुख्यमंत्री ने 29 साहित्यकारों को किया सम्मानित

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को हिन्दी सेवी सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का उद्घाटन किया। मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग द्वारा 1 अणे मार्ग स्थित ह्वलोक संवाद" में आयोजित इस पुरस्कार वितरण समारोह में वर्ष 2020-21 और वर्ष 2021-22 के अंतर्गत कुल 29 साहित्यकारों को अंगवस्त्र, मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं चेक प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया ।

पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिवर्ष 14 सितम्बर को घोषित हिन्दी दिवस के दिन करें और उस दिन हिन्दी भाषा को विकसित करनेवाले साहित्यकारों को सम्मानित करें । कविवर सत्यनारायण जी द्वारा रचित बिहार गीत पूरे बिहार में सभी महत्वपूर्ण बैठकों एवं विभिन्न अवसरों पर बजाया जा रहा है और आज उन्हें



नागार्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। हम तो कहेंगे कि उनको पुरस्कार स्वरूप दी जानेवाली दो लाख रुपये की राशि की जगह तीन लाख रुपये प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि सबकी मांग को ध्यान में रखते हुए हिन्दी सेवी सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह में विभिन्न पुरस्कारों के तहत प्रदान की जानेवाली धनराशि में बढ़ोत्तरी करें। हिन्दी सेवी सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह में विभिन्न पुरस्कारों के तहत दी जानेवाली न्यूनतम धनराशि 50,000 रुपये को बढ़ाकर लाख रुपये से ज्यादा करें। पुरस्कार की राशि को अगली बार बढ़ाकर ही सरकार के पास भेजें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई टेक्नोलॉजी के आने से लोग पुरानी बातों को भूलने लगे हैं, यह ठीक नही है। वर्ष 2019 के बाद मोबाइल फोन का इस्तेमाल करनेवाले लोगों की तादाद तेजी से बढ़ी है। उन्होंने कहा कि नई-नई टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से पृथ्वी को काफी नुकसान पहुंच रहा है। अगर यही स्थिति रही तो एक दिन ऐसा आएगा कि सब कुछ खत्म हो जाएगा। आजकल मोबाइल फोन का इस्तेमाल बच्चा से लेकर हर उम्र के लोग जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं, यह उचित नही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिन्दी काफी अच्छी भाषा है। इस देश की अधिकांश आबादी आपसी बोलचाल में इसी भाषा का इस्तेमाल करती है। आप सभी से आग्रह है कि इस भाषा को कायम रखते हुए इसे विकसित एवं विस्तारित करने पर विशेष बल दें।आज कल यह देखने को मिल रहा है कि हिन्दी के शब्दों को भी लोग अंग्रेजी में लिखने लगे हैं, इससे बचने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि अग्रेंजी भी अच्छी भाषा है और सबको जाननी भी चाहिए लेकिन हिन्दी के शब्दों को हिन्दी में ही लिखनी चाहिए। आप सभी लोगों को यही सलाह दें । हिन्दी के शब्दों को अंग्रेजी में लिखने की जरूरत नही है। उन्होंने कहा कि हम जब सांसद और केन्द्रीय मंत्री थे तो कोई भी कानून बनता था तो वह हिन्दी के अलावा अंग्रेजी भाषा में भी लिखा रहता था। हम तो कहेंगे कि हिन्दी में ही आप लोग सब कुछ नोट कराएं। बिहार में सात निश्चय योजना के तहत सभी बच्चे-बच्चियों को प्रशिक्षित कराया जा रहा है ताकि उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान हो सके। बच्चे - बच्चियों को प्रदान किये जा रहे प्रशिक्षण में हिन्दी के साथ-साथ अंग्रेजी भाषा भी सिखाया जा रहा है ताकि वह अपनी बातें कह सकें और दूसरे की बातों को भी अंग्रेजी में भी समझ सके। हम पुनः आप लोगों से आग्रह करेंगे कि हिन्दी भाषा को विकसित करने पर विशेष ध्यान दें और हिन्दी सेवी सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत होनेवाले लोगों की संख्या बढ़ाकर उन्हें पुरस्कृत करें। इस काम में राज्य सरकार हरसंभव सहयोग करेगी। कार्यक्रम में मंत्रिमंडल सचिवालय के अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ ने स्वागत भाषण दिया।

## आपसी विवाद में पति ने जहर खाकर की आत्महत्या

**भागलपुर।** जिले के ईशाकचक थाना क्षेत्र के 12 नंबर गुमटी के समीप किराए के मकान में रह रहे राजू हलवाई ने जहर खाकर आत्महत्या कर लिया। राजू हलवाई जगदीशपुर का रहने वाला है और वह कई सालों से यहां पर रह रहा था। 10 दिन पहले उसकी पत्नी उसे छोड़कर कहीं चली गई थी। जिसके बाद से वह परेशान रहता था। बीते देर रात उसने जहर खा लिया।

सोमवार सुबह जब मकान मालिक को अंदर से कराहने की आवाज सुनाई दी तो दरवाजा तोड़कर उसे इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा अस्पताल लाया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। वहीं मौत के बाद बरारी कैम्प पुलिस के द्वारा परिजन को सूचना दी गई है। मकान मालिक का कहना है कि अक्सर पति पत्नी में लड़ाई झगड़ा होता था। जिसके कारण पत्नी घर छोड़कर भाग गई और इसने जहर खा लिया।

## बिहार परिवहन कामगार एवं विभिन्न संगठनों ने मनाया ड्राइवर डे

**किशनगंज।** बिहार परिवहन मित्र कामगार व विभिन्न संगठनों ने सोमवार को एसपी कार्यालय के समीप स्थित परिवहन मित्र कामगार कार्यालय में चालक दिवस मनाया। जिसमें परिवहन मित्र कामगार संघ व ऑल इंडिया रोड ट्रेड ट्रांसपोर्ट वर्कस यूनियन व विभिन्न संघ के सदस्य मौजूद थे। जिसमें ऑटो चालक, जीप चालक, बस चालक, ई-रिक्शा चालक व अन्य चालकों को संबोधित किया गया।

परिवहन मित्र कामगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंचल मुखर्जी, सीआईटीयू के संयोजक श्याम गुप्ता, चालक संघ के मो. सैयदुल के हाथों चालकों को सम्मानित किया गया।

परिवहन मित्र कामगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंचल मुखर्जी ने कहा कि हम सभी परिवहन से जुड़े लोग प्रत्येक वर्ष ड्राइवर डे मनाते हैं। उन्होंने कहा कि परिवहन के क्षेत्र में चालक वर्ग की भूमिका अहम होती है। उन्हें भी सम्मानित किया जाना चाहिए। वही चालक दिवस को लेकर चालक वर्ग भी उत्साहित था ।इस अवसर पर परिवहन मित्र के जिलाध्यक्ष संजय कुमार, सचिव प्रकाश दास, फणीश चन्द्र दास, राजा विश्वास, नसीम अंसारी, प्रकाश सरकार, चंदन कुमार साह, योगेंद्र, मंतोष घोष आदि शामिल थे।

# एम्स निर्माण की मांग को लेकर बंद रहा सहरसा

एजेंसी

**सहरसा।** एम्स निर्माण की मांग को लेकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को जिला में महाबंद का आयोजन शांतिपूर्ण माहौल मे संपन्न हुआ। एम्स निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार झा संरक्षक प्रवीण आनंद द्वारा सहरसा में सड़क रेल सरकारी कार्यालयों को बंद में शामिल किया गया।

पूर्व सांसद आनंद मोहन की अगुवाई में सर्वदलीय राजनीतिक पार्टी धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के लोगों ने सुबह से ही बंद को लेकर चहलकदमी करते रहे।



जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड में रहा। इस बंद में सभी राजनीतिक पार्टियों के स्थानीय नेताओं व कार्यकताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

बंद के आड़ में अवांछित असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ आगजनी जैसी घटना को रोकने के लिए जिले में चिन्हित 65 जगहों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस तैनात रहा। वही सभी एसडीओ व एसडीपीओ विधि व्यवस्था के संपूर्ण प्रभार में रहकर अपने अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर विशेष निगरानी रखते हुए विधि व्यवस्था बनाए रखा।

पूर्व सांसद आनंद मोहन एवं लवली आनंद ने कहा कि सहरसा में निर्माण अति आवश्यक है।इस मांग को लेकर सहरसा में सभी लोगों ने स्वतः स्फूर्त होकर बंद को सफल बनाया। सहरसा की इतिहास में इस प्रकार का बंदी अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक रहा। उन्होंने कहा कि इस बंदी एवं हड़ताल को सफल बनाने के लिए सभी राजनीतिक दल सामाजिक एवं धार्मिक संगठन बधाई के पात्र हैं।

एम्स निर्माण की मांग को लेकर सोमवार को रेल चक्का जाम करने के मद्देनजर जीआरपी एवं आरपीएफ के जवान स्टेशन पर तैनात थे।

